# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

तापमान

अधिकतम 45.2 डिग्री

न्यूनतम 27.8 डिग्री

12 24.18 करोड़ के 3923 कामों को मिली मंजूरी हर ...



13 निगम और कब्जाधारियों की सांठगांठ, नोटिस ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर


# नौतपा के पहले दिन पारा 45.2 डिग्री, यह सीजन में अब तक का सबसे गर्म दिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस बार की गर्मी ने लोगों को बेचैन कर दिया है। न कूलर काम आ रहे हैं न ही एसी। इस बीच तापमान में भी लगातार बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। पिछले 5 दिनों से दुर्ग जिले पारा 44 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। इसे खतरे की घंटी माना जा रहा है। सोमवार को नौतपा के पहले दिन जिले का तापमान 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह सीजन में सबसे गर्म दिन रहा, जो समान्य से दो डिग्री तक ज्यादा रहा। इतना ही नहीं रात का न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री रहा। इस प्रकार रात और दिन दोनों ही समय लोगों ने तेज गर्मी महसूस की। गर्मी का आलम ऐसा है कि लोगों में उल्टी-दस्त की शिकायतें बढ़ गई हैं। स्किन इन्फेक्शन के मामले सामने आ रहा है। लोगों के चेहरे और शरीर के अलग-अलग हिस्सों में दाने (घमौरी) हो रही हैं। इतना ही नहीं हर दिन आंखों में जलन की शिकायत लेकर रोज लोग डॉक्टर के पास पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो इन सभी की वजह से बढ़ती गर्मी है। इधर मौसम विभाग के मुताबिक आसमान के आग बरसने का क्रम आगे भी जारी रहेगा। हालांकि स्थानीय प्रभाव से कुछ जगहों पर अंधड़ और गरज-चमक के बीच हल्की से मध्यम स्तर पर बारिश हो सकती है। नौतपा की शुरुआत के साथ ही गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकतम तापमान में बदलाव देखने को मिला है।

## पूरे दिन चली लू, उल्टी-दस्त, स्किन इन्फेक्शन और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ीं

### 21 मई के बाद से तापमान में बढ़ोतरी का दौर जारी

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में पिछले करीब 5 दिनों से लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। 21 मई को जहां अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार 22 मई को अधिकतम 44.8 और न्यूनतम पारा 28.2 डिग्री रहा। 23 मई को 45 डिग्री तक पारा पहुंचा, रात का तापमान 26.6 डिग्री रहा। वहीं 24 मई को 44.5 डिग्री अधिकतम और 26.8 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। वहीं सोमवार यानी 25 मई को सीजन का सारा रिकॉर्ड टूट गया। दिन का अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री रिकॉर्ड किया। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में तापमान में दो डिग्री तक और बढ़ोत्तरी हो सकती है।

### नौतपा में तेज गर्मी से बीमार होने का रिस्क ज्यादा

डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि नौतपा शुरू होने के साथ ही खतरा बढ़ गया है। इसका सीधा असर स्वास्थ्य पर होता है क्योंकि इन 9 दिनों में गर्मी और हीटवेव और तेज हो जाती है। इसका असर हमारे हार्ट से लेकर ब्रेन तक होता है। इसलिए नौतपा में डेली रूटीन और खानपान में छोटे-छोटे बदलाव करना जरूरी हैं। गर्मियों में टेम्परेचर हाई होने से हवा रूखी हो जाती है। इससे सांस लेते समय नाक की म्यूकस लेयर इरिटेट होने लगती है। इसके कारण ब्लड वेसल्स फटने से कभी-कभार नाक से ब्लड आ सकता है। नाक से खून आने पर तुरंत क्या करें? किन लोगों को ज्यादा रिस्क होता है? इसलिए जरुरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें, किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर डॉक्टरों से संपर्क करें।



### आगामी दिनों में बना रहेगा लू का असर

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो सोमवार को नौतपा की शुरुआत हो रही है। ज्योतिष और मौसम के लिहाज से यह साल का सबसे गर्म दौर माना जाता है। इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं, जिससे तापमान तेजी से बढ़ता है। नौतपा के शुरुआती दिनों में छत्तीसगढ़ में तेज धूप और लू का असर बना रहेगा। खासकर दुर्ग के आसपास जिलों रायपुर, राजनांदगांव, बेमेतरा में असर रहेगा।

## खबर संक्षेप

### लोहा पार करने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** मकान के बाहर रखे लोहे के सामान को पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। नेवई पुलिस ने बताया कि उत्कल नगर स्टेशन मरोदा नेवई निवासी उदय ताण्डी ने शिकायत किया। जिसमें अपने मकान के बाहर दीवार से लगाकर लोहे का दरवाजा, 3 लोहे का एंगल, 2 लोहे का वेंटीलेटर रखा था। 23 मई को अज्ञात ने पार कर दिया। उक्त सामान 7 हजार रुपए का था। पुलिस ने जांच के बाद तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी संगम चौक स्टेशन मरोदा निवासी लक्की जैन उर्फ सुरेश जैन और डी ब्लॉक दक्षिण गंगोत्री सुपेला लव कुमार साहू को पकड़ा गया। पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया। उनके पास से पुलिस ने लोहे का सामान बरामद किया है।

### जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पकड़ा

**भिलाई।** जुआ खेल रहे सात जुआरियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कसाई मोहल्ला कैम्प-2 निवासी दानिश कुरैशी, 8 नम्बर रोड कैम्प-1 विरेन्दर चौहान,चटाई क्वार्टर कैम्प-2 मो. चांद,अहमद नगर कैम्प-2 मो. जाफर,अण्डा चौक खुर्सीपार रितिक कोलते, कसाई मोहल्ला गुरुद्वारा के पास कैम्प-2 रेहान हुसैन, भिलाई शेख अफरोज शामिल है। जुआरियों से पुलिस ने 52 पत्ती ताश और नगदी 1200 रुपये बरामद किया है।

## कौही, बिरेझर, कुथरेल, अंडा, सेवती, पोटिया, अंजोरा, थनौद में खनिज का अवैध खनन और परिवहन

# खनिज विभाग ने पिछले 15 दिनों में 19 वाहनों पर की कार्रवाई, फिर भी चल रहा अवैध खनन व परिवहन का खेल

अतुल अग्रवाल ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन के आदेश के बाद भी जिले में खनिज का अवैध परिवहन और खनन धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि खनिज विभाग इसे रोकने के लिए महज खानापूर्ति के लिए कार्रवाई कर रहा है। 6 मई से अब तक महज 19 वाहनों पर कार्रवाई की गई है। वाहनों को जब्त कर मालिकों पर 893709 रुपए का जुर्माना प्रस्तावित किया गया है। साथ ही वाहनों को संबंधित थाना क्षेत्र में खड़े कराया गया है।

बता दें कि इसके बाद भी जिले में खनिज का अवैध परिवहन और खनन जारी है। जिले के कौही, कोटनी, थनौद, बिरेझर, अंडा और कुथरेल से रेत का अवैध खनन और परिवहन हो रहा है। वहीं बिरेझर, कुथरेल, अंडा, सेवती, पोटिया में मुरुम का खनन और परिवहन हो रहा है। पिछले दिनों धमधा क्षेत्र में खनिज के अवैध खनन को लेकर स्थानीय विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने भी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद भी अवैध खनन का काम जारी है। इतना ही नहीं जिन जगह पर लीज है, वहां चेन माउंटेन से लेकर अन्य मशीनें उतारी जा रही है। पंचायतों की आपत्तियों को दरकिनार कर काम किया जा रहा है। बिरेझर सरपंच लगातार इसे लेकर लगातार शिकायत भी कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा



ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से चल रहा खनिज का अवैध खनन।

### अभनपुर-पाटन मार्ग पर पूरी रात दौड़ते हैं हाईवा

रेत का अवैध परिवहन का यह खेल पूरी रात चलता है। अभनपुर से पाटन के रास्ते रेत का अवैध परिवहन लंबे समय से किया जा रहा है। इसे लेकर लगातार इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन काम बदस्तूर जारी है। इसकी वजह से अभनपुर के रास्ते पाटन और आगे दुर्ग, राजनांदगांव तक जाने वाले मार्ग के ग्रामीण खासे परेशान है। तेज रफ्तार वाहनों की वजह से आए दिन हादसे भी हो रहे हैं। इसके अलावा सकरी सड़कों पर 12 से 16 चक्का वाहन दौड़ रहे हैं। इसे देखते हुए खनिज विभाग की टीम ने पिछले दिनों अभियान शुरू किया, इसके बाद से लगातार वाहनों पर कार्रवाई भी की जा रही है।



खनिज विभाग की कार्रवाई के बाद रेत से भरे हाईवा थाने में खड़े कराए गए

### 15 वाहनों को किया जब्त, 8.93 लाख का लगाया जुर्माना

| मालिक | वाहन | थाना क्षेत्र | खनिज | जुर्माना |
|---|---|---|---|---|
| देवेंद्र चंद्राकर | सीजी05एएस-7704 | पाटन | रेत | 39320 |
| दिलीप मेघवानी | सीजी07बीके-0756 | रानीतराई | रेत | 29800 |
| उमेश वर्मा | सीजी08बीबी-8938 | रानीतराई | रेत | 39800 |
| लालेश्वर प्रसाद | सीजी07सीडी-0324 | रानीतराई | रेत | 39320 |
| गिरीश देशमुख | सीजी07डीडी-5110 | मचांदुर | रेत | 31240 |
| नरेंद्र सिंह चौहान | सीजी07डीबी-8177 | जेवरा-सिरसा | मुरुम | 28318 |
| महेंद्र कुमार वर्मा | सीजी25 सी-7220 | पाटन | मुरुम | 38318 |
| शेख शाहरुख | सीजी07बीक्यू-6544 | नंदिनी | मुरुम | 31162 |
| भागीरथी चक्रधारी | सीजी07सीई-4197 | अंजोरा | मिट्टी | 26422 |
| मोतीलाल देशमुख | सीजी07बीक्यू-4150 | पुलगांव | मिट्टी | 25948 |
| सहदेव साहू | सीजी04जेडडी-5409 | अमलेश्वर | मिट्टी | 288318 |
| महेंद्र यादव | सीजी07सीयू-7357 | पुलगांव | चूना पत्थर | 66200 |
| प्रमोद डोसी | सीजी07सीयू-6571 | उतई | चूना पत्थर | 412200 |
| अरुण गुप्ता | सीजी07जेई-7744 | नंदिनी | चूना पत्थर | 33100 |
| मनहरण कुमार | सीजी07पीवाई-9268 | नंदिनी | चूना पत्थर | 41200 |
| मुकेश देवांगन | सीजी21एफ-1273 | अमलेश्वर | मिट्टी-मुरुम | 85313 |
| धनराज देशमुख | सीजी08एक1084 | अंजोरा | रेत | 95080 |
| नरेंद्र सिंह चौहान | सीजी04सीक्यू6766 | नंदिनी | मुरुम | 109250 |
| अजय बंदे | पतोरा-आर215एल | पाटन | रेत | 64400 |

## किसान से बीमा करने के नाम पर 3.50 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बोरी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना
- किसान ने 2022 में कराया था, प्रीमियर जमा करने के बाद नहीं पटाया था किस्त

बीमा का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। बोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम हिर्री निवासी हेमंत कुमार साहू खेती-किसानी का काम करता है। वर्ष 2022 में पीएनबी मेटलाइफ में सुपर सर्वर प्लान के तहत बीमा कराया था। पॉलिसी का एक प्रीमियम जमा करने के बाद आगे की किस्त नहीं भर पाया था। पीड़ित किसान के मोबाईल पर 7 मई को कॉल आया। कॉल करने वाले ने मन्नत वर्मा स्वयं को बताया था। उसने झांसा में लेकर किसान को बीमा पॉलिसी बंद होना की जानकारी दी। दो किस्त जमा करने पर फिर शुरु हो जाने की बात कहा था। इसके बाद करीब 3 लाख 2 हजार रुपए वापस किसान को मिलने का झांसा दिया। आरोपी ने किसान का आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते की जानकारी लेकर फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को कहा। पॉलिसी 2022 में शुरू कराया गया था। किसान के मुताबिक एक अन्य व्यक्ति ने खुद को विजय श्रीवास्तव बताते हुए बैंक खाता नंबर भेजा और पहली किस्त 30 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा था। हेमंत साहू आरोपियों की बातों में आकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नगपुरा शाखा में जाकर बताए गए खाते में रकम जमा कर दी। कुछ देर बाद फिर कॉल आया और कहा गया कि एजेंट पर पेनाल्टी लगी है। पैसा रिलीज करने के लिए सरकार को टैक्स देना पड़ेगा। इसके लिए 1 लाख 8 हजार रुपए जमा कराने को कहा गया। पीड़ति ने 15 मई को यह रकम भी जमा कर दिया। फिर 18 मई को एक और कॉल आया। कॉल करने वाला खुद को जगदीश सिंह ठाकुर बताकर खाते में 9 लाख रुपए आने का झांसा देकर 25 प्रतिशत टैक्स के रूप में 2 लाख 52 हजार रुपए खाते में जमा कराया। इस तरह किसान के साथ लाखों रुपए का ठगी हो गया। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## कंपनी के एरिया सेल्स अफसर ने किया 38 लाख रुपए का गबन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- व्यापारियों की रकम को लगाया मकान निर्माण में

गोयल ट्रेडर्स के एरिया सेल्स अफसर ने राशि गबन करने के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि गोयल ट्रेडर्स में एरिया सेल्स ऑफिसर के पद पर राजेश जायसवाल पदस्थ था। कंपनी के चाय पत्ती, सेवई, वाशिंग पाउडर,अन्य पैकेजिंग सामग्री के बेचने से रकम को कंपनी खाते में जमा नहीं किया। आरोपी राजेश जायसवाल ने व्यापारियों से मिले राशि का उपयोग निजी मकान निर्माण और निजी कार्यों में उपयोग किया। जांच के दौरान वर्ष 2020 से वर्ष 2022 तक 26 माह की अवधि में आरोपी ने कुल 38 लाख रुपये का गबन किया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना मिलने पर बिलासपुर से राजेश जायसवाल को पकड़ा गया है। आरोपी ने स्वीकार किया कि गबन की राशि को मकान निर्माण समेत अन्य कार्यों में लगा दिया। कार्रवाई में जेवरा सिरसा प्रभारी खगेन्द्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## बैंक खाते को साइबर ठगों को बेचने वाले मास्टर माइंड समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- गाजियाबाद सूरत रायपुर जगदलपुर में बड़ा कारोबार

म्यूल खाता उपलब्ध कराकर सायबर ठगी करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सुपेला पुलिस और एसीसीयू की टीम ने गिरोह के मास्टरमाइंड ग्राम बिरेतरा जिला बालोद निवासी मनोज कुमार भुतड़ा समेत उसके दो दोस्त केसलुर जिला बस्तर केवल सेठिया, मांझीगुड़ा थाना दरभा सत्यनारायण सेठिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा यह कारोबार चार सालों से अलग-अलग राज्यों के साइबर अपराधियों को खाता बेचा करते थे।

### 11 चेक, एटीएम, आधार कार्ड, तीन फिनों पेमेंट किट जब्त



पुलिस जांच में पता चला कि अब तक 200 से अधिक म्यूल काता खुलवा चुका है। इनमें इंडसइंड बैंक, आईडीएफसी बैंक, कोटक महेन्द्रा बैंक समेत कई बैंकों के खाते शामिल हैं। खातों में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन होने की जानकारी पुलिस को मिली है। आरोपियों के पास से 11 पासबुक, 7 एटीएम कार्ड, 3 फिनो पेमेंट किट, 3 आधार कार्ड और एक पैन कार्ड जब्त किया। आरोपियों को सुपेला ओवरब्रिज के पास पांच रास्ता हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। मनोज कुमार भुतड़ा वर्ष 2022 से यह नेटवर्क चला रहा था। जो बालोद, गुण्डरदेही, दुर्ग, जगदलपुर के लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाता था। खातों को साइबर और आर्थिक अपराध में शामिल लोगों को बेच दिया जाता था। साधारण सेविंग खाता 15 से 20 हजार रुपए और करंट को 40 -50 हजार रुपए में बेचा जाता था। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, डीएसपी यदुमणी सिदार और सुपेला निरीक्षक विजय यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### आरोपी खुद देता था खाता खुलवाने के लिए पैसे

पुलिस ने बताया कि आरोपी खाते खुलवाने के लिए जरूरी बैलेंस की रकम खुद देता था। खाता खुलने के बाद वह रकम वापस निकाल लेता था। बड़े ट्रांजेक्शन वाले खातों को वह बैंक में होल्ड भी करवा देता था। बैंक अधिकारियों से संपर्क कर होल्ड हटवाकर रकम निकाल लेता था। पुलिस को संदेह है कि आरोपी की कुछ बैंक कर्मियों से भी सेटिंग है। गाजियाबाद, सूरत, रायपुर, जगदलपुर की पुलिस मनोज भुतड़ा की तलाश कर रही थी। बालोद जिले के गुण्डरदेही के तर्राभाठा गांव में यह रहता था। पूछताछ में गिरोह से जुड़े कई युवकों व बडे नाम सामने आए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमों को रवाना किया गया है।

## नेहरूनगर व पद्मनाभपुर में हो रही सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं का भंडाफोड़

# अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह को पकड़ने पुलिस बनी जनगणना अधिकारी व बकरा विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### तीन आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके, 60 लाख का सोना जब्त, आरोपी गिरफ्तार



नेहरूनगर क्षेत्र में हो रही सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी नासिर हुसैन को शाहीनबाग दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उसे पकड़ने के लिए दुर्ग पुलिस ने करीब 15 दिनों तक उसकी रेकी की। इतना ही नहीं जनगणना अधिकारी और बकरा विक्रेता बनकर लगातार उसके आसपास पतासाजी की गई। यमुना एक्सप्रेस में करीब 300 किलोमीटर तक पीछा किया गया। इसके बाद आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। बता दें कि मामले में तीन आरोपी हाशिम पिता जब्बार निवासी शालीमार गेट मेरठ एसके ज्वेलर्स, सलीम पिता अब्बास उम्र धारा चौक मेरठ एवं शाहिल बिलासपुर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके पास से करीब 60 लाख रुपए का सोना जब्त किया गया है।

मई माह के प्रथम सप्ताह में सुपेला थाना अंतर्गत नेहरू नगर और पद्मनाभपुर में हो रही चोरियों के मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मामले में आरोपी हासिम खान को 17 मई को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के साथ चोरी का जेवर खरीदने वाले ज्वेलरी शाप संचालक सलीम खान निवासी मेरठ को पकड़ा गया। घटना में शामिल फरार आरोपी कुख्यात एवं शातिर आरोपी नासिर हुसैन नोएडा क्षेत्र जैसे घनी आबादी, संकरी गलियों तथा बहुमंजिला फ्लैटों वाले क्षेत्रों में लगातार ठिकाना बदलकर छिपा हुआ था।

नासीर हुसैन के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस टीम ने अत्यंत पेशेवर एवं गोपनीय तरीके से क्षेत्र में काम प्रारंभ किया। पुलिस टीम ने स्थानीय गतिविधियों का सूक्ष्म अध्ययन कर पाया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में बकरा विक्रेता सक्रिय रहते हैं। इसके बाद पुलिस के सिविल स्टाफ ने स्थानीय लोगों के बीच घुलमिलकर बकरा विक्रेताओं के साथ रहकर एवं बकरा विक्रेता के साथ कई दिनों तक क्षेत्र में सक्रिय रहकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं ठिकानों की जानकारी एकत्रित की इस दौरान टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों का चिन्हांकन किया। इसके बावजूद आरोपी के बार-बार ठिकाना बदलने के कारण सटीक जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

तत्पश्चात पुलिस टीम ने क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्य की आड़ लेकर जनगणना अधिकारी के वेश में घर-घर जाकर वांछित आरोपी नासीर हुसैन के ठहरने एवं आवागमन की जानकारी जुटाई। यह अभियान लगातार एक सप्ताह तक अत्यंत गोपनीय एवं रणनीतिक तरीके से संचालित किया गया। आरोपियों के पास से 1.22 लाख कैश, डायमंड का ब्रेसलेट, अमेरिकन डायमंड, सोने को आभूषण, चांदी के सिक्के, नये कपड़े, कार भी जब्त की गई है।




## खबर संक्षेप

### गोल्डन ब्वाय भूपत ने कुडो में जीते 5 गोल्ड मेडल



दुर्ग। गोल्डन ब्वाय ऑफ छत्तीसगढ़ भूपत साहू ने चौथे कुडो नेशनल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ को 5 गोल्ड मेडल दिलाए हैं। प्रतियोगित पुणे मिलिट्री स्कूल पुलगांव महाराष्ट्र में आयोजित ककी गई। इस उपलब्धि पर कोच लीलिमा सोनी, राजा कौशल, आशीष प्रेरणा सुराना ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए खिलाड़ी दिन-रात मेहनत और अनुशासन के साथ लड़ता है। छत्तीसगढ़ के हर युवा के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। कुडो में लगातार मिल रही राष्ट्रीय सफलताएं यह साबित कर रही हैं कि सही अनुशासन और गाइडेंस बच्चों को चैम्पियन बनाती है। आज छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी देशभर में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।

### रक्त दानदाताओं को किया गया सम्मानित



दुर्ग। जिला अस्पताल या अन्य जरूरत मंदों को निरन्तर रक्त दान कर रहे युवा जिन्होंने अब तक 26 बार ब्लड डोनेट किया। रामनगर निवासी कन्हैया चन्द्राकर राम नगर निवासी को उनके निस्वार्थ इन्सानियत व परोपकार के लिये संस्था सेवा-सतसंग-परिवार द्वारा तिलक से अभिनंदन कर साल श्री फल, पुष्प माला, समृति चिन्ह, भगवत गीता, डायरी, पेन व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। राकेश यादव का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मोहन चंद्राकर, बृजमोहन वर्मा, प्रशांत वर्मा, राकेश सोनी, मुकेश सोनी, हर्ष सोनी, दीपक सोनी, राजू चंद्राकर, नरेश साहू, नामदेव गुरुग, संदीप अग्रवाल आदि अन्य उपस्थित थे।

# खुर्सीपार के सड़क-6 में चल रहा था जुआ, 96 हजार कैश जब्त, 5 गिरफ्तार

## पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा, कार, बाइक, मोबाइल भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर में लंबे समय से जुआ का खेल चल रहा है। लगातार शिकायतों और कार्रवाई के बाद भी पुलिस इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। विशेष रूप से शनिवार और रविवार के दिन दुर्ग और भिलाई जुआ के फड़ सज रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायत के बाद पुलिस ने खुर्सीपार क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कार, दो बाइक, मोबाइल और 92615 रुपए कैश जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं धारा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत सड़क एवेन्यू क्वार्टर नंबर 6 स्थित मकान में कुछ व्यक्ति रूपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसीसीयू और खुर्सीपार पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी की। कार्यवाही के दौरान मकान के अंदर जुआ खेलते एवं खिलाते पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। मौके से नगदी रकम, ताश पत्ती, कार, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं जुआ फड़ संचालन में प्रयुक्त सामग्री जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सड़क दो निवासी जानकी रमैया उम्र 60 वर्ष, काली मंदिर के पास के रहने वाले जितेंद्र सिंह उम्र 58 वर्ष, दुर्गा नगर निवासी अशोक कुमार सोनी उम्र 45 वर्ष, सपना टॉकीज के पास रहने वाले मोहम्मद अनीस उम्र 51 वर्ष, जोन-1 निवासी रवि कुमार उम्र 50 वर्ष को पुलिस ने पकड़ा।



### दुर्ग में भी सज रहा फड़, नदी किनारे रहता है जमघट

दुर्ग में महमरा एनीकट, छातागढ़, मोहलाई, खंडेलवाल कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, मिलपारा सहित अन्य जगहों पर हर संडे फड़ सज रहे हैं। नदी किनारे कई अन्य जगहों पर खुलेआम जुआ खेला जा रहा है। बावजूद इसके अब तक ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई नहीं कर पाई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुए की शिकायत समान्य हो गई है। इधर दुर्ग पुलिस ने ऐसे सारे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए आम नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि आर्थिक लेन-देन का नियमित सत्यापन एवं निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आर्थिक अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश से पहले जल को संरक्षित करने बनाए जा रहे छोटे-बड़े स्टोरेज सेंटर

# 24.18 करोड़ के 3923 कामों को मिली मंजूरी हर दिन 68 हजार मजदूरों को मिल रहा काम

## दुर्ग में सबसे ज्यादा 8.99 करोड़ के कामों को किया गया है प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों को लगातार रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले की ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों से हजारों परिवारों को आजीविका का सहारा मिल रहा है, वहीं जल संरक्षण एवं ग्रामीण अधोसंरचना विकास को भी मजबूती मिल रही है।

वर्तमान में जिले में प्रतिदिन 68 हजार 641 श्रमिक मनरेगा कार्यों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में कुल 3923 निर्माण कार्य संचालित हैं तथा मांग के आधार पर प्रतिदिन नए श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद पंचायतवार देखें तो जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 1048 कार्यों में 15 हजार 227 श्रमिक कार्यरत हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत 1687 कार्यों में 29 हजार 695 श्रमिक तथा जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत 1188 कार्यों में 23 हजार 719 श्रमिक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।





### 24 करोड़ से अधिक का भुगतान

कुल 24 करोड़ 12 लाख 53 हजार रुपये की मजदूरी राशि जनपद पंचायतों एवं क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से भुगतान की जा चुकी है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग में 8 करोड़ 99 लाख 78 हजार रुपये, जनपद पंचायत धमधा में 6 करोड़ 69 लाख 48 हजार रुपये तथा जनपद पंचायत पाटन में 6 करोड़ 28 लाख 98 हजार रुपये की राशि संबंधित श्रमिकों के खातों में जमा की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार रुपये की मजदूरी राशि का भी भुगतान किया जा चुका है।

### तालाब निर्माण, गहरीकरण और डबरी बनाने का किया जा रहा काम

ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में अमृत सरोवर निर्माण, नवीन तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग टैंक, कच्ची सिंचाई नाली निर्माण एवं अन्य मजदूरी मूलक कार्य प्राथमिकता से संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों से एक ओर ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन एवं कृषि कार्यों के लिए स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो रहा है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जॉब कार्डधारियों को लगातार रोजगार उपलब्ध कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं मैदानी अमले को श्रमिकों की मांग के अनुसार तत्काल कार्य उपलब्ध कराने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बदल जाएगा नाम जीरामजी के नाम से मिलेगी पहचान

मनरेगा के नाम में परिवर्तन किया जा रहा है। जल्द ही इसे जीरामजी के नाम पर पहचाना जाएगा। प्रशासन द्वारा श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु बैंक खाते एवं आधार सत्यापन कार्य को भी प्राथमिकता से पूर्ण किया गया है। इससे मजदूरी राशि सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है तथा भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनी है। इसके साथ ही श्रमिकों को अधिकतम 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2026-27 में जिले में बड़े पैमाने पर मजदूरी मूलक निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जनपद पंचायत दुर्ग में 73 निर्माण कार्यों हेतु 587.41 लाख रुपये, धमधा में 61 निर्माण कार्यों हेतु 475.17 लाख रुपये तथा पाटन में 154 निर्माण कार्यों हेतु 1356.28 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस प्रकार जिले में कुल 288 निर्माण कार्यों के लिए 2418.86 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# सीएम हेल्पलाइन योजना का प्रशिक्षण मिलेगा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ सुबह 10 बजे से कलेक्टोरेट सभा कक्ष में देंगे प्रशिक्षण

सीएम हेल्पलाइन योजना के सुचारू संचालन और शिकायत निराकरण के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 26 मई को पूर्वान्ह 10 बजे से जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय योजना के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु नामांकित जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों एल 1 और एल 2 को प्रशिक्षित करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त विशेष प्रशिक्षण सत्र में समस्त जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। व्यवस्था के अनुसार, सभी जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में भौतिक रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं, ब्लॉक स्तर के संबंधित अधिकारी सीधे अपने संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में उपस्थित होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ेंगे। कलेक्टर ने सभी जि ला स्त री य अधिकारियों को संलग्न सूची के अनुसार अपने अधीनस्थ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एल 1 की जनपद कार्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग, धमधा और पाटन को अपने-अपने क्षेत्रों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंगके माध्यम से प्रशिक्षण के लिए सभी आवश्यक तकनीकी एवं बैठक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

### जरूरत के अनुसार समय पर खाद व डीजल उपलब्ध कराए सरकार : राजकुमार गुप्त

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा फर्टिलाइजर का आबंटन कम करने और डीजल संकट के कारण चालू खरीफ सीजन में खेती किसानी करना कठिन हो रहा है। हर प्रकार से प्रयास करने के बावजूद खेती का रकबा और खाद्यान्न सहित अन्य उपजों का उत्पादन 50% तक कम होने की आशंका है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने कहा कि खेती से आमदनी से किसान वंचित हो सकते हैं, मंहगाई में घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि फर्टिलाइजर और उर्जा संकट के लिए किसान जिम्मेदार नहीं हैं लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय पर फर्टिलाइजर और डीजल उपलब्ध कराए।

## झीरम घाटी हादसे के दिवंगत कांग्रेस नेताओं को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



दुर्ग। शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ने 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सली हमले में मरने वाले कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया गया।

बाकलीवाल ने कहा कि हम सभी के लिए अत्यंत भावुक और गंभीर है। आज हम यहां किसी उत्सव के लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ महतारी के उन वीर सपूतों को याद करने और उनके चरणों में अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्होंने प्रदेश की माटी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। झीरम घाटी का वह मंजर याद करके आज भी रूह कांप उठती है। वह केवल एक हमला नहीं था, वह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और छत्तीसगढ़ की शांति पर हुआ एक कायरतापूर्ण प्रहार था। लेकिन हमारे नेताओं ने पीठ नहीं दिखाई, वे लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। जननेता स्व. नंदकुमार पटेल को जिनकी संगठनात्मक क्षमता और सौम्य मुस्कान आज भी हमारे दिलों में जिंदा है। हम नमन करते हैं। बस्तर के टाइगर' कहे जाने वाले स्व. महेंद्र कर्मा जी को, जिन्होंने बस्तर की जनता की सुरक्षा के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी। हम याद करते हैं स्व. उदय मुदलियार के उस संघर्षशील जीवन को, जिन्होंने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया। उनके साथ ही, उस काली रात में शहीद हुए हमारे अन्य सभी नेता, सुरक्षा बल के जवान और कार्यकर्ताओं का बलिदान यह देश और यह प्रदेश कभी नहीं भूल सकता। इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि सिर्फ फूल चढ़ाने से नहीं होगी। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तब मिलेगी, जब हम उनके दिखाए रास्ते पर चलेंगे। दो मिनट का मौन रखकर सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कबाड़ हो रहे 22 वाहनों की ऑनलाइन नीलामी, 5.50 लाख कोष में कराए जमा



दुर्ग। दुर्ग पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई के दौरान जब्त 22 वाहनों की एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नीलामी की। इस दौरान मिले 5.50 लाख रुपए राजकोष में जमा कराए गए। दुर्ग पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रकरणों में जप्त वाहनों की ऑनलाइन नीलामी एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से संपन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई, जिसमें कुल 22 जप्त वाहनों को शामिल किया गया। इन वाहनों में 10 दोपहिया एवं 12 चारपहिया वाहन सम्मिलित रहे। दुर्ग पुलिस द्वारा बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध मादक पदार्थ कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला दुर्ग पुलिस द्वारा संपूर्ण नीलामी प्रक्रिया को एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में पुलिस लाइन और डीसीआरबी शाखा एवं सम्बन्धित थाना के पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्यों का विभाजन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई

कलेक्टर अभिजित सिंह ने जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टरों एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य पूर्व में जारी सभी कार्य विभाजन आदेशों को अधिक्रमित करते हुए नया कार्य विभाजन किया है। नए विभाजन के तहत अधिकारियों की जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस को अधीक्षक, वित्त-स्थापना शाखा, नोडल अधिकारी पेंशन, प्रस्तुतकार शाखा न्यायालय कलेक्टर दुर्ग, भू-अभिलेख शाखा, डायवर्सन शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व, राजस्व मोहर्रिर शाखा, राजस्व लेखा शाखा, बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन, सूखा राहत शाखा, पर्यावरण अधोसंरचना मद का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही वे जिला नाजिर शाखा सहित पीजीएन एवं शासन से प्राप्त शिकायत आवेदनों का निराकरण, शपथ पत्र एवं प्रमाण पत्र सत्यापन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, नोडल अधिकारी व्यापम एवं परीक्षा प्रभारी, नोडल अधिकारी दिव्यांगजन शिकायत निवारण, नोडल अधिकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल, मुख्यमंत्री सहायता, संजीवनी कोष, स्वेच्छानुदान, जनसंपर्क शाखा, नोडल अधिकारी सेवोत्तम अभियान, चिप्स परियोजना, चॉइस सेंटर के संचालन का कार्य संभालेंगी। वहीं, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी को प्रोटोकॉल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार, संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत को अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई नगर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जिसके तहत वे भिलाई नगर, भिलाई भट्टी और नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत दाण्डिक प्रकरणों का निपटारा करेंगे तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था व शांति कायम रखेंगे। साथ ही उन्हें अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिसके तहत वे थाना छावनी, सुपेला, खुर्सीपार और जामुल क्षेत्र के बीएनएसएस के दाण्डिक प्रकरणों का निष्पादन और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे।

डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग शहर का दायित्व सौंपा गया है, जिसके अंतर्गत वे थाना दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर एवं जीआरपी दुर्ग क्षेत्र के भारतीय बीएनएसएस की धाराओं के तहत दाण्डिक प्रकरणों का निराकरण और कानून व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करेंगे। इसके अलावा वे सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी, आवास आवंटन शाखा, वरिष्ठ लिपिक-1, 2, 3 शाखा, सीएम घोषणा शाखा सहित फाइल होल्डर संबंधी कार्यों का संपादन करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना होगा। कार्यों के सुचारू संचालन के लिए लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है, जिसके अनुसार संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस के लिंक अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव होंगे। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी के लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत की लिंक अधिकारी शिल्ली थॉमस और डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव के लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस होंगी।

## चुनाव को लेकर पूरे समय बनी रही गहमागहमी

# साई मंदिर समिति के धनेंद्र अध्यक्ष और धीरेंद्र बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ आगामी तीन वर्षों के लिए हुआ है निर्वाचन

सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति श्री साई मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह दुर्ग के सत्र 2026-30 के चुनाव में अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए हैं। रविवार को मतदान के जरिए हुए चुनाव में श्री चंदेल ने श्रीकांत समर्थ को 28 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल को 88 वोट मिले, जबकि श्रीकांत समर्थ ने 60 वोट प्राप्त किया। इसी प्रकार सचिव पद पर धीरेंद्र शर्मा ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने सुधीर वाघ को 40 मतों से शिकायत दी। नवनिर्वाचित सचिव धीरेंद्र शर्मा ने चुनाव में 95 वोट हासिल किया, वहीं सुधीर वाघ को 55 वोटो से ही संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के 5 और सचिव पद के 3 वोट निरस्त किए गए। चुनाव में कुल 176 मतदाता सदस्यों में से 153 मतदाताओं ने उत्साह साथ हिस्सा लिया और अपना नया अध्यक्ष और नया सचिव चुनने में निर्णायक भूमिका निभाई। श्री साई मंदिर समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल इसके पहले लगातार 4 बार सचिव पद पर रहे चुके हैं। उन्होंने इस चुनाव में दो बार के अध्यक्ष रहे श्रीकांत समर्थ को हराया।



### पूर्व विधायक और पूर्व मेयर ने दी शुभकामनाएं

चुनाव को लेकर मंदिर परिसर में पूरे समय गहमागहमी बनी रही। नवनिर्वाचित सचिव धीरेंद्र शर्मा इसके पूर्व समिति के उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। यह चुनावी प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश दीक्षित के मार्गदर्शन और सहायक चुनाव अधिकारी संतोष यदु, जयंत खिरोड़कर, नारायण दत्त तिवारी के देखरेख में पूरी की गई। देर शाम परिणामो की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा पैनल के समर्थकों ने जीत पर ढोल बाजा की धुन में नाच गाकर एवं आतिशबाजी कर जमकर अपनी खुशियां मनाई। इस ऐतिहासिक जीत पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चंदेल और सचिव श्री शर्मा को बधाईयों का ताता लगा हुआ है। जीत पर उन्हें सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय समाजसेवी राकेश शर्मा, दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, कांग्रेस नेता अजय शर्मा, मनोहर सोनी, अल्ताफ अहमद, पार्षद प्रकाश गीते, दीपक साहू, संजय अग्रवाल, कंचन शुक्ला, संजय डहरवाल, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राकेश सेन, शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, पवन बड़जात्या सहित अन्य ने बधाई दी।

## पीएम सूर्यघर योजना के लिए उपभोक्ताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन



दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग टाउन जोन के पुराना गंज मंडी प्रांगण दुर्ग में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के फायदे और योजना से मिलने वाली सब्सिडी व लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत पावर कंपनी द्वारा सौर माह 1 मई से 31 मई तक के रूप में मनाया जा रहा है। शिविर में लगभग 35 उपभोक्ताओं ने योजना की बारीकियों को समझा व अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की इच्छा जताई। अधिकारियों की मौजूदगी में ऑन-स्पॉट कार्रवाई करते हुए 12 उपभोक्ताओं का वेंडर के माध्यम से योजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन भी कराया गया।

# गर्भवती माताओं को सुपोषण टोकरी और दिव्यांगों को मिली ट्राइसिकल

## सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन : चन्द्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ रिसाली स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में सुशासन तिहार का आयोजन

रिसाली स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर आयोजन में शामिल होकर लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ पहुंचाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जरूरतमंदों की सेवा ही सच्चे अर्थों में जनसेवा है।



विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और शासन के बीच सीधे संवाद का माध्यम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में हमारी सरकार का संकल्प है कि शासन की योजनाएं कागजों से निकलकर धरातल पर दिखें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सभी की समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर विधायक चन्द्राकर ने गर्भवती माताओं को सुपोषण टोकरी प्रदान कर उन्हें स्वस्थ जीवन और सुरक्षित मातृत्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही दिव्यांग दिनेश कुमार साहू को बैटरी चलित ट्राइसिकल प्रदान की।

ट्राइसिकल पाकर दिनेश के चेहरे पर आई मुस्कान और आत्मविश्वास को देखकर विधायक भावुक हो उठे और कहा कि दिनेश की यह मुस्कान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम में निगम आयुक्त मोनिका वर्माए एकनाथ अनुपम साहू, दशरथ साहू, गुड्डू झा, नरेन्द्र निर्मलकर, शैलेन्द्र साहू, धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, रमा यादव सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व नगरवासी उपस्थित थे।



### जनप्रतिनिधियों ने की छात्रावास की मांग

सुशासन तिहार में अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग के स्टाल में आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों द्वारा छात्राओं के लिए छात्रावास की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पार्षद मालती राकेश ठाकुर, पार्षद विनय नेताम, पार्षद जमुना ठाकुर, संगीता सोरी,राय सिंह ढिकोला, राकेश ठाकुर गोंडवाना समाज आदि मौजूद थे।

## निधन

### सावित्री शर्मा

**भिलाई।** जामुल नारधा निवासी सावित्री शर्मा पति स्व. बल्दाऊ प्रसाद शर्मा का निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार गृहग्राम नारधा में किया गया। वे विनीता, संगीता, निशिता, वन्दना और विपिन की मां तथा सोनपुर वाले डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा, डॉ. नरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, देवनाथ शर्मा व स्व. शान्ता शर्मा की बहन थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### पंकज कुमार पांडेय

**पाटन।** वार्ड 11 ब्राह्मण पारा निवासी पंकज कुमार पांडेय उम्र 30 वर्ष का निधन 25 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे वार्ड 11 ब्राह्मण पारा पाटन संरक्षक, भगवताचार्य पंडित विजय पांडेय सावर्णी के पुत्र एवं जलज, नीरज पांडेय के भाई थे।



### डॉ. हरिहर नाथ द्विवेदी

**भिलाई।** बीएसपी में जीएम एचआर के पद पर कार्यरत संजय कुमार द्विवेदी के पिता शिक्षाविद डॉ. हरिहर नाथ द्विवेदी का निधन हो गया। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति निःशक्त महिला और अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन के चेयरमैन आरडी कोरी, उपाध्यक्ष पन्नालाल मैरिसा, सचिव सुदामा नेताम, कोषाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, संयुक्त सचिव डीआर सोनवानी, सदस्य बी कोरलैया, जोगेश्वर राव आदि ने श्रंद्धाजलि अर्पित की है।



### ऋषि यादव

**दुर्ग।** बैगापारा निवासी ऋषि पिता रामलाल यादव (65 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। वे पूर्व मंत्री स्वर्गीय हेमचंद यादव को भाई थे। ऋषि यादव का अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमचंद, कृष्णा और पुरुषोत्तम यादव के भाई और राजदीप, जीत यादव के चाचा थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य ने दुख व्यक्त किया है।



### सुशासन तिहार और व्यक्तिगत लिखित में की गई थी शिकायत

# निगम और कब्जाधारियों की सांठगांठ, नोटिस के एक साल बाद भी नहीं हटाया अतिक्रमण

## सड़क संकरी होने से हर दिन आवागमन प्रभावित, नालियों पर कब्जे की वजह से सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम के जोन-1 क्षेत्र में अवैध कब्जों को लेकर निगम प्रशासन एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की कब्जाधारियों से सांठगांठ के चलते नोटिस जारी होने के एक साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जोन-1 कार्यालय ने 17 कब्जाधारियों को पहला नोटिस 5 मई 2025 और दूसरा नोटिस 22 मई 2025 को जारी किया था। इन कब्जों की शिकायत सुशासन तिहार के दौरान और बाद में लिखित रूप से निगम आयुक्त से भी की गई थी। मामला इंदिरा नगर चौक से लेकर नेहरू भवन होते हुए जीई रोड तक का है, जहां कुछ दुकानदारों ने सड़क और नालियों पर कब्जा कर लंबे समय से व्यापार जमा रखा है। सड़क संकरी होने से हर दिन आवागमन प्रभावित होता है। वहीं नालियों पर कब्जे की वजह से सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब निगम ने खुद नोटिस जारी किया था, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कब्जाधारियों को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।



अवैध कब्जों के कारण सुपेला सरकारी स्कूल के पास सड़क हो गई सकरी



लाल घेरे में नाली के ऊपर अवैध कब्जा

### नोटिस पर निगम मौन

भिलाई नगर निगम के वार्ड 17 और 18 में अतिक्रमण को लेकर जारी नोटिस अब सवालों के घेरे में है। 5 और 22 मई 2025 को वार्ड प्रभारी और राजस्व विभाग के नन्द कुमार सिन्हा ने कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर भू-स्वामित्व के दस्तावेज जमा करने और दुकानों के बाहर बने शेड व सामान हटाने के निर्देश दिए थे। नोटिस में साफ कहा गया था कि समय सीमा खत्म होने के बाद निगम नियमानुसार कार्रवाई करेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी अवैध कब्जाधारियों की होगी, लेकिन अब एक साल से ज्यादा समय गुजर चुका है। ना अतिक्रमण हटा, ना कोई बड़ी कार्रवाई हुई और ना ही निगम की ओर से कोई सख्ती दिखाई दी।

### कार्रवाई के बाद फिर कब्जा, आखिर किसका संरक्षण?

सुपेला सरकारी स्कूल के कुछ ही दूरी पर वार्ड 17 में संचालित मां पुस्तक भंडार नाम की दुकान पर आरोप है कि नाली के ऊपर दीवार खड़ी कर और टीन-टप्पर लगाकर वर्षों से व्यवसाय किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान के नीचे से नाली गुजरती है, लेकिन कब्जे की वजह से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सबसे अहम बात यह है कि कुछ साल पहले नगर निगम ने बुल्डोजर कार्रवाई करते हुए इस अवैध निर्माण को हटाया भी था, लेकिन समय बीतने के साथ फिर से उसी जगह निर्माण कर दुकान संचालित होने लगी। अब निगम द्वारा दो बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि निगम के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

मुझे अभी-अभी प्रभार मिला है। जांच व मैका निरीक्षण के बाद निश्चित रूप से कब्जाधारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**दिनेश कोसरिया,** आयुक्त, जोन-1, नेहरूनगर

## भिलाई नगर के सिद्धांत और गिडियन ने फतह किया 13,800 फीट ऊंचा सारपास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ वाईएचएआई ने आयोजित की ट्रैकिंग कार्यक्रम

हिमालय की बर्फीली वादियों और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्तों के बीच भिलाई के दो ट्रैकर्स के. एस. सिद्धांत और गिडियन सपाटे ने 'सार पास 2026' ट्रैक अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर शहर का नाम रोशन किया है। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वाईएचएआई) द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय स्तर का ट्रैकिंग कार्यक्रम 13 मई से 19 मई तक हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत पार्वती घाटी में आयोजित किया गया। इस रोमांचक अभियान में देशभर के विभिन्न राज्यों और शहरों से लगभग 47 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ट्रैक की शुरुआत सियोबाग स्थित बेस कैंप से हुई, जहां से दल ने ग्रेहान गांव, मिन-थाच, नगरू कैंपसाइट और बिस्केरी कैंपसाइट जैसे दुर्गम पड़ावों को पार करते हुए करीब 13,800 फीट की ऊंचाई पर स्थित सार पास तक का सफर तय किया। अभियान के दौरान केएस सिद्धांत ने डिप्टी ट्रेक लीडर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। कठिन पहाड़ी मार्गों, बर्फीले ट्रैक और बदलते मौसम के बीच उन्होंने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने के साथ टीम समन्वय में भी अहम भूमिका निभाई। वहीं 59 वर्षीय बीएसपी कर्मचारी गिडियन सपाटे ने अपने उत्साह, साहस और मजबूत इच्छाशक्ति से सभी को प्रभावित किया। उनकी ऊर्जा और सकारात्मकता युवा प्रतिभागियों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनी रही। सार पास ट्रेक हिमालय के सबसे लोकप्रिय और चुनौतीपूर्ण ट्रैक्स में गिना जाता है। घने जंगल, बर्फ से ढकी ढलानें, ऊंची चढ़ाइयां और मनमोहक प्राकृतिक दृश्य इस ट्रेक को बेहद खास बनाते हैं। पूरे अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने कठिन मौसम परिस्थितियों का सामना करते हुए साहस और धैर्य का परिचय दिया। भिलाई लौटने पर सिद्धांत और सपाटे को मित्रों, ट्रेकिंग प्रेमियों एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाइयां दी जा रही हैं। दोनों की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए साहस, फिटनेस और रोमांच के प्रति प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है।

## आमटी में नाला सफाई व जीर्णोद्धार कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमटी में 25 मई को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत नाला सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-पाठ एवं नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी द्वारा किया गया। इस कार्य में वर्तमान में 271 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। मनरेगा कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रोजगार मिलने से उन्हें बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही रोजगार का लाभ मिल रहा है। इस कार्य में सभी वर्गों के लोगों को समान रूप से काम करने का अवसर प्रदान किया गया है।



कार्यक्रम के दौरान सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं गांव के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। नाला सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्य से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा बरसात के मौसम में ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर सचिव उत्तम देशमुख, रोजगार सहायक देव कुमार साहू, खोरबहारा पटेल, देवेन्द्र देशमुख, पंकज पटेल, कन्हैया चौधरी, ओमशंकर यादव, रघुनाथ साहू, हिमांशु पटेल, नीरज साहू, टोपलाल, राजकुमार निषाद, सोनिया बाई, खिलेश्वरी साहू, जानकी साहू, संतोषी यादव, कल्याणी पटेल, डामेश्वरी पटेल, शारदा पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पुरई सीमा क्षेत्र में निवासरत परिवार ने उतई नगर पंचायत में सम्मिलित करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नगर पंचायत उतई सीमा क्षेत्र से लगे ग्राम पुरई के 60 से 70 परिवार पिछले लगभग 25 से 30 वर्ष से वार्ड क्रमांक 11 आदर्श नगर पंचायत उतई क्षेत्र से लगे ग्राम पुरई सीमा क्षेत्र में निवासरत है। उक्त परिवारों आधार कार्ड, परिचय पत्र, राशनकार्ड आदि दस्तावेज नगर पंचायत उतई क्षेत्र का है। किन्तु उनका निवास की सीमा एवं राजस्व क्षेत्र ग्राम पंचायत पुरई का होने के कारण उक्त परिवारों को किसी भी प्रकार की शासकीय योजना एवं मुलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके संबंध में उक्त परिवारों के द्वारा निवासरत नगर पंचायत उतई की सीमा क्षेत्र से लगा हुआ है जो कि पुरई से 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है इन परिवारों का मूलभूत दस्तावेज नगर पंचायत उतई में बना हुआ है। उक्त राजस्व क्षेत्र को नगर पंचायत उतई में सम्मिलित किये जाने के लिए उक्त परिवारों के द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत उतई के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।



## सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर का चौथा चरण जंजगिरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड वार शिविर का चौथा चरण सोमवार को वार्ड 17,19, 23 एवं 24 के समस्या निवारण के लिए मां कर्मा भवन जंजगिरी में आयोजित किया गया। जिसमें राशन कार्ड, लोक निर्माण विभाग, जल विभाग, आधार कार्ड, निशुल्क ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन शाखा में जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, बिजली विभाग, महिला बाल विकास एवं पुलिस विभाग द्वारा 'आपकी जन मित्र' का डेस्क लगाकर नशा, साइबर और यातायात जैसी समस्याओं का निराकरण हेतु आवेदन लिया गया शिविर में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चियों को सेनेटरी पैड का वितरण तथा पोषण आहार का वितरण किया गया साथ ही नए राशन कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 8 आवास निर्माण पूर्ण होने का प्रमाण पत्र और आवास की चाबी सौंपी गई साथ ही 1 आवास स्वीकृत किया गया खाद्य विभाग से लगभग 26 राशन कार्ड वितरण किया गया। सभी विभागों को मिलाकर कुल 303 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे सबसे अधिक लोक निर्माण विभाग के 127 में 119 मांग पत्र और 8 शिकायत प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त महतारी वंदन के 38 आवेदन लर्निंग लाइसेंस 30, आयुष्मान कार्ड 21, आधार कार्ड 27, जन्म मृत्यु के 02 आवेदन का तुरंत निराकरण कर वितरण किया गया जिसका नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने तत्काल निराकरण करने का आदेश देते हुए कहा कि अभी प्रदेश पर में 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर लगाया जा रहा हैं। इस शिविर में महेश सिंह राजपूत एसडीएम, कुंदन शर्मा नायब तहसीलदार, नेतराम चंद्राकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पीआईसी सदस्यों में लोक निर्माण विभाग डिकेश पटेल, लता साहू, अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, उमेश्वरी साहू, पार्षदगण मे वार्ड पार्षद लोकेश साहू, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, मिथिलेश यादव, सुजीत यादव, सूरज यादव, उमेश साहू, सुनीता कुर्रे, जूली सिंग आदि उपस्थित थे।


### NAME CHANGE

it is informed to the general public that I **BILLU RAMDHAN JAISWAL S/o RAMDHAN JAISWAL My Son Name Is SAURABH JAISAWAL (Old Name)** resident of **Parmanent Add. KOHWAL CHAWAL, GHOD BUNDER ROAD, NEAR BIG BAZAAR, KAPURBAWADI NAKA, THANE, MAHARASTHRA-400610, Current Add.- RAJIV NAGAR, STREET 21, SECTOR 11, WARD 29, KHURSIPAR, BHILAI, DURG C.G.** I have changed my son is old name **SAURAV JAISAWAL s/o BILLU RAMDHAN JAISWAL,** so in future I should be recognized by my son new name that is **SAURAV JAISAWAL s/o BILLU RAMDHAN JAISWAL** in all Government and other documents.

**BILLU RAMDHAN JAISWAL**
Add.- RAJIV NAGAR, STREET 21, SECTOR 11, WARD 29, KHURSIPAR, BHILAI, DURG (C.G.)- 490011

### // नाम परिवर्तन //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बिल्लू रामधन जैसवाल पिता रामधन जैसवाल मेरा पुत्र- सौरभ जैसवाल स्थायी पता- कोहवाल चाल, घोडबंदर रोड, बिग बाजार जवल, कापूरबावडी नाका, ठाणे, महाराष्ट्र-400610, वर्तमान पता- राजीव नगर, स्ट्रीट 21, सेक्टर 11, वॉर्ड नं.- 29, खुर्सीपार, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. -490011 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र सौरभ जैसवाल का पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सौरव जैसवाल पिता बिल्लू रामधन जैसवाल रख लिया हूँ। अतः आज से मेरे पुत्र के समस्त शासकीय, अर्थशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नया नाम सौरव जैसवाल पिता बिल्लू रामधन जैसवाल से ही जानी पहचानी जावें।

**बिल्लू रामधन जैसवाल**
पता- राजीव नगर, स्ट्रीट 21, सेक्टर 11, वॉर्ड नं.- 29, खुर्सीपार, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)- 490011

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक --77A 2026 - सन् 2018
पेशी दिनांक-17-06-2026
प्रोसेस क्रमांक-369/2026
न्यायालय-श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक गण- वादीगण -श्रीमती रजनी देवी व 3 अन्य अनावेदक/ प्रतिवादी- आम जनता
बनाम- आम जनता

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरूद्ध वादिनी क्र. 1. श्रीमती रजनी देवी पतिश्री कमल कुमार भोजक के नाम पर, स्वः राधेश्याम राठी द्वारा किये गये रजि. वसीयतनामा दिनांक- 22.03.2021 के वैद्य होने से उसे प्रमाणित घोषित किये जाने हेतु का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 17 माह 06 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/ अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप बातायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 12-05-2026 का न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

### ।। न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ०ग०) ।।

रा०प्र०क्र०- 2025-2026
ग्राम- सोरेसरार प0ह0 नं-16

### //उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक संजय पिता गिरधर, निवासी ग्राम सोरेसरार तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया गया है, कि ग्राम-सोनेसरार प०ह०नं0-16 स्थित भूमि खसरा नंबर- 478, 479 रकबा क्रमशः 0.34, 1.16, हे0 भूमि कुल खसरा 02 कुल रकबा 1.50 हे0 भूमि आवेदक संजय पिता गिरधर के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज हैं। उक्त सभी खसरा आपस में एक साथ लगी हुई है। उक्त खसरा नंबर के अंदर किसी भी अन्य भूमिस्वामी का कोई अन्य खसरा नंबर नहीं हैं। जिसके कारण आवेदक उक्त खसरा नंबर को संविलियन कर नया खसरा नंबर अवतरण किये जाने संबंध में आवेदन इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 05/06/2026 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांकः 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक: 22/05/2026
पेशी दिनांकः-05/06/2026

मुहर

नायब तहसीलदार
धमधा जिला-दुर्ग (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मियों का फूटा गुस्सा, दी आंदोलन की चेतावनी

## कोई भी जनप्रतिनिधि सफाई कामगारों की नहीं ले रहा सुध, आयुक्त ने दिया 2 दिनों में भुगतान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सफाई कर्मचारियों और वाहन चालकों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। मेसर्स अर्बन एनवायरमेंट डेवलपमेंट लिमिटेड एजेंसी के तहत कार्यरत सैकड़ों कामगारों ने ठेकेदार और प्रशासन की मिलीभगत से हो रहे आर्थिक व मानसिक शोषण के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपनी लंबित मांगों को लेकर नगर निगम आयुक्त, कलेक्टर, सहायक श्रम आयुक्त दुर्ग और पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

नगर निगम आयुक्त भिलाई ने यूनियन को आश्वस्त किया है कि आगामी 2 दिनों के भीतर कामगारों के अप्रैल माह के बकाया वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। वहीं यूनियन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि इस समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं हुआ और अन्य लंबित मांगें पूरी नहीं की गईं, तो शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 2-3 महीनों से सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिला है। इस कमरतोड़ महंगाई के दौर में वेतन न मिलने से सफाई कर्मियों के परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। देश में श्रम संहिता 2019 लागू होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में सफाई कामगारों के वेतन में कोई वृद्धि नहीं की गई है। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने नियमों के तहत वेतन में सुधार किया है, लेकिन छत्तीसगढ़ के कामगार आज भी बेहद कम मजदूरी पर काम करने को मजबूर हैं। फरवरी 2026 में सांसद विजय बघेल द्वारा श्रमिकों के वेतन में 4 से 6 हजार रुपए की बढ़ोतरी के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी, लेकिन धरातल पर यह वादा महज एक खोखला आश्वासन साबित हुआ। आज कोई भी जनप्रतिनिधि इन कामगारों की सुध नहीं ले रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में पुष्पा, मोतम, सुखवंती, नेमन, डिलेश्वर, मनोज कोशरे, कलादास डेहरीया, पूजा, कचरी, छोटु, राकेश दास सहित अन्य सफाई मजदूर शामिल थे।

### बंधुआ मजदूरी और प्रताड़ना का आरोप


8 घंटे के बजाय कर्मचारियों से जबरन 10 से 11 घंटे काम लिया जा रहा है। डोर-टू-डोर कलेक्शन के साथ सड़कों का कचरा भी उठवाया जा रहा है, जिसका कोई ओवरटाइम नहीं दिया जाता। आवाज उठाने पर ठेकेदार और सुपरवाइजरों द्वारा नौकरी से निकालने की धमकी और मानसिक प्रताड़ना दी जाती है। गंभीर बीमारियों के साये में काम कर रहे सफाई मित्रों को मास्क, ग्लव्स, जूते या यूनिफॉर्म जैसी बुनियादी सुरक्षा चीजें भी नहीं दी गई हैं। कर्मचारियों की सुरक्षा सिर्फ सरकारी फाइलों तक सीमित है।



### यूनियन की मुख्य मांगें

अप्रैल माह के रुके वेतन सहित पीएफ, ईएसआईसी और ग्रेच्युटी के बकाए का तत्काल भुगतान किया जाए। प्रति माह की 10 तारीख तक वेतन भुगतान अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो। केंद्रीय वेतनमान लागू कर अन्य राज्यों की तर्ज पर सम्मानजनक वेतन वृद्धि की जाए। कार्य के घंटे कड़ाई से 8 घंटे तय हों, अतिरिक्त काम के लिए ओवरटाइम का भुगतान किया जाए। सभी कामगारों को तुउच्च गुणवत्ता वाली सुरक्षा किट मास्क, ग्लव्स, जूते और यूनिफॉर्म दी जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाली एजेंसी मेसर्स अर्बन एनवायरमेंट डेवलपमेंट लिमिटेड पर तत्काल कार्रवाई हो।

## खबर संक्षेप



### आंधी-तूफान से गिरे पेड़ निगम अमले ने हटाया

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम और तेज आंधी-तूफान ने शहर में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कई स्थानों पर बड़े और छोटे पेड़ सड़कों पर गिर गए थे जिससे आवागमन बाधित हो गया था। कई मार्गों पर यातायात प्रभावित होने से नागरिकों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी-तूफान के दूसरे दिन नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और गिरे हुए पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया। निगम कर्मचारियों द्वारा जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से सड़कों को साफ कर यातायात बहाल किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर पेड़ हटाने और मार्गों को सुचारू बनाने का कार्य किया गया, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम की त्वरित कार्रवाई से शहर में यातायात व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य हो गई।

### मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने दवा का छिड़काव



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया और अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रतिदिन अलग-अलग जोनों के वार्डों में अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नालियों, कूलरों, बाथरूमों और अन्य जलभराव वाले स्थानों पर पहुंचकर मच्छर उन्मूलन कार्य की जा रही है। इसके तहत मैलाथियान, टेमिफास व जला ऑयल का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलरों की नियमित सफाई करें।

## भीषण गर्मी में नारकीय जीवन गुजार रहे श्रमिक बस्तियों के लोग

# पेट की आग से कम झुलसाती है आसमान की आग एक अदद घर क्या, पानी और बिजली के भी मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में सूरज का पारा जब सातवें आसमान पर है और बाहर अंगारे बरस रहे हैं, सर्वसुविधायुक्त मकानों में जब लोग कूलर व एसी फेल हो जाने से व्याकुल हैं,ऐसे में एक कमरे के घरों और तंग झुग्गी बस्तियों में हजारों मुफलिस किस तरह भीषण गर्मी में रह रहे हैं, इसकी सहज कल्पना आम लोग कर सकते हैं। पसीने से तरबतर और तवे की तरह तप रहे टिन की छतों व फटे पुराने पालीथीन की छप्पर से आती लपटों से भरे सरगर्म माहौल में ही रोज खाना पकाना, काककाज सोना और दूधमुहें बच्चों को दूध पिलाने से लेकर बुजुर्गों की तीमारदारी तक सब कुछ करने बदनसीब वाशिंदे मजबूर हैं। भिलाई के स्लम के इन बदनसीब वाशिंदों को घोषणावीर नेताओं और नगर सरकार से लेकर सरकारों से इस बात का दर्द है कि सालों बाद भी उन्हें रोटी कपड़े से महरुम होने के साथ बुनियादी सुविधाएं ही क्या एक अदद घर तक नसीब नहीं हुआ है। इस दौरान कई जानलेवा गर्मियां ही नहीं बल्कि कई निर्वाचित जन प्रतिनिधि व सरकारें बदल चुकी हैं और शहर की कांक्रीटी तस्वीर भी तेजी से बदल रही है।

भीषण गर्मी में शहर की कई श्रमिक व झुग्गी बस्तियों में रहवासियों के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक एक पल गुजारना मुश्किल हो रहा है। सरकार व नगर निगम तथा विकास के रहनुमाओं के चहुंमुखी विकास के दावों की जमीनी हकीकत यह है कि ऐसी एक दो नहीं बल्कि पच्चीस श्रमिक बस्तियां हैं,जहां हजारों लोग गरीबी की तरह आग उगलते मौसम की चपेट में हैं। पटरीपार में पावरहाउस ओवरब्रिज निकट, भिलाईनगर रेलवे स्टेशन झुग्गी बस्ती, औद्योगिक क्षेत्र की श्रमिक बस्ती और कैंप व खुर्सीपार की झुग्गी बस्तियों में फुटपाथ, खोमचे, झाड़पोंछा व मजदूरी जैसे काम करने वाले वाशिंदे अपने परिवार के साथ सालों से ऐसे ही भीषण गर्मी में रहने के लिए मजबूर हैं। रहवासी बताते हैं कि कहां से पक्के खुद के मकान बना पाएंगे, यहां तो एक जून रोटी जुगाड़ने के लाले पड़े हुए हैं। पीएम आवास के लिए कई बार शिविर व निगम में आवेदन जमा करने के बाद भी आवास नहीं मिले। अधिकतर लोगों का कहना है कि हम पीएम आवास के लिए साढ़े तीन लाख रुपए कहां से लाएंगे। यह दो बाई चार का घर ही व झुग्गी ही हमारी तकदीर है। हम गरीब की कहीं भी कोई सुनवाई नहीं है। हां हर साल वोट देते हैं लेकिन सिर्फ वादे और आश्वासन ही मिलते हैं। भिलाईनगर स्टेशन झुग्गी बस्ती की कुमारी यादव बताती हैं कि आवेदन के बाद भी पीएम आवास नहीं मिला। हम 4 बच्चों के साथ तीस साल से ऐसी ही गर्मी में यहां रहकर मजदूरी कर पेट भर रहे हैं। अधिकतर घरों में यहां चूल्हे में खाना बनता है और प्रसव के दौरान वेदना व किलकारी भी ऐसे ही सरगर्म माहौल में गूंजती है। राजवती बताती हैं कि 40 साल से यहां रह रही है। पसीने से बच्चा रो रहा है कि भूख से पता नहीं चलता है। अधिक गर्मी लगती है तो बोरिंग के पानी से शरीर पर छिड़क लेते हैं। खाते पीते पीसने की बूंदें थाली में गिरती रहती हैं। बस्ती में सिर्फ दो घरों में एक छोटेटेबल फेन के नीचे खटिया पर व नीचे 5 लोग खाते पीते व उनींदे स्थिति में दिखे। कैंप बस्ती के एक कमरे के मकान में 50 साल से पांच जनों के साथ रह रहे इलेक्ट्रिशियन रेशन देवांगन बताते हैं कि अब भीषण गर्मी व कड़कड़ाती ठंड व मूसलाधार बारिश में हमें रहने की आदत हो चुकी है।

### जानलेवा होती है गर्मी





भिलाई नगर श्रमिक बस्ती में लोग पिछले चालीस साल से ऐसी भीषण माहौल में रहने के लिए मजबूर हैं। कभी निगम वाशिंदों को पीएम आवास देने तो कभी कब्जाधारी बताता है। अभयराम मनहरे बताते हैं कि बढ़ई का काम कर परिवार चला रहे हैं। उनकी तरह कई लोग गरीबी व मौसम की मार झेल रहे हैं। दर्मी में अं दर लू तो बारिश में पानी भर जाता है सांप बिच्छू आते हैं काटते भी रहते हैं। गांव में कच्चा मकान है पर यहां कमाने के लिए कहां रहेंगे। चैनू बाई बताती हैं कि निगम व आम चुनाव में नेता आकर मकान के साथ बहुत कुछ देने का वादा करते हैं लेकिन सुनते सुनते कान पक गए हैं। यहां धूल धुआं से कई बीमार होकर मर भी चुके हैं।





### घर की दीवार की तरह ढह रही जिंदगी, बिजली होते रहती है





शहर की अधिकतर श्रमिक बस्तियों के वाशिंदे लोगों के घरों दुकानों व फुटपाथ पर काम कर परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। भिलाई नगर स्टेशन बस्ती के उत्तम विश्वकर्मा बताते हैं कि बस्ती के विश्वकर्मा मोहल्ला में मात्र दो बोरिंग हैं। पानी की किल्लत के साथ बिजली भी गुल होती रहती है। एक घर में पांच लोग सालों से रह रहे हैं। समय समय पर रेलवे हमें अपनी जमीन पर कब्जा बताकर उजाडने की चेतावनी देते रहते हैं। पावरहाउस ओवर ब्रिज बस्ती के रमेश बताते हैं कि घर में चार सदस्य हैं दो रोजी करते हैं। हम यहां डिग्री तापमान में भी रह चुके हैं। भिलाई नगर के सुरेश बताते हैं कि सूरज व चूल्हे की आग के साथ पेट की आग अब सह लेते हैं। घर की दीवार ढह चुकी है ऐसी जिंदगी ढहरही है कोई मददनहीं करता है।

### टैक्स जमा नहीं करने वाले आकाशगंगा के दुकान संचालकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश



**भिलाई।** निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और उपायुक्त सह जोन -1 आयुक्त दिनेश कोसरिया ने साफ-सफाई, अवैध निर्माण, सड़क बाधा, पानी निकासी, आश्रय स्थल और खेल परिसर का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सुपेला चौक पर लेफ्ट फ्री के कार्य में प्रगति लाने कहा, जिससे नागरिकों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस कार्य से वायु प्रदूषण मुक्ति के साथ ईंधन और आर्थिक बचत होगी। आकाशगंगा सब्जी मण्डी का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने निर्देशित किये हैं। आकाशगंगा के दुकानों का टैक्स जमा हो रहा है कि नहीं उसका पता लगाकर टैक्स जमा नहीं करने वाले दुकान संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने कहा गया है। साथ ही दुकान के सामने अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई एवं सामान रखकर सड़क बाधा करने वालो पर चालानी कार्रवाई करने निर्देशित किये हैं।

दक्षिण गंगोत्री में रेल्वे लाइन के किनारे स्थित पत्रकार कॉलोनी के समीप बांस टाल के व्यापारियों द्वारा सामान सड़क किनारे रखने से आवागमन बाधित होती है। कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाने कहा गया। प्रियदर्शिनी परिसर में आश्रय स्थल के सुविधाओ का जायजा लेकर कमियों को दूर करने कहा। वहां निवासरत वृद्धों से मुलाकात कर समस्या से अवगत हुए। प्रियदर्शिनी परिसर में निर्माणाधीन खेल परिसर का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, कमलेश द्विवेदी स्वच्छता निरीक्षक, क्रिस्टोफर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## निजी वाहनों पर पुलिस लिखने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निजी वाहनों पर पुलिस लिखने वालो की खैर नहीं है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस अभियान चला रही है। आदेश जारी कर टाइगर मोबाइल, हाईवे पेट्रोलिंग और ड्यूटी प्वाइंट पर जवान तैनात होकर वाहनों की चेकिंग कर रहे है। ऐसे वाहनों की लगातार जांच करने के निर्देश दिए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। आदेश डीएसपी ट्रैफिक दुर्ग कार्यालय की ओर से जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि कई लोग अपनी निजी वाहनों के आगे-पीछे या भीतर पुलिस लिखी प्लेट लगाकर घूमते हैं। आम लोगों में गलत संदेश जाता है और कई बार इसका दुरुपयोग भी किया जाता है। ऐसे मामलों को अपराध की श्रेणी में माना गया है। ट्रैफिक विभाग ने साफ कहा है कि शहर में चलने वाले ऐसे सभी वाहनों की सघन चेकिंग की जाएगी। कोई निजी वाहन पुलिस लिखकर उपयोग करते हुए पाया जाता है तो वाहन को जब्त किया जाएगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि टैंगों मोबाइल टीम, हाईवे पेट्रोलिंग और विभन्नि ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान विशेष नजर रखें। सड़क पर संदिग्ध तरीके से चलने वाली या पुलिस लिखी निजी वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की जाए।

- ट्रैफिक पुलिस चला रही है अभियान



### जवानों को मिलेगा पुरस्कार भी

ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की भी बात कही है। आदेश में बताया गया है कि ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को वरिष्ठ कार्यालय की ओर से उचित इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। पुलिस टीम को और सक्रिय होकर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल यह अभियान अगले आदेश तक लगातार जारी रहेगा।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**भिलाई।** भाजपा जिला भिलाई द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह द्वारा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात प्रदर्शनी प्रमुख एवं टोली द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षण वर्ग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्रेम प्रकाश पांडेय, सरस्वती बंजारे, शताब्दी पांडेय, गोल्डी जी तथा डोमन लाल कोसेवाडा की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र में पुरुषोत्तम देवांगन ने संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया तथा मुख्य उद्बोधन किरण देव सिंह द्वारा दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कार्यकर्ताओं के विकास और संगठन की मजबूती के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं।

## बारिश के पहले नालों की हो रही सफाई, चेन एक्सीवेटर से हटाई जा रही जलकुंभी व गाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बरसात के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत दिलाने नगर निगम भिलाई द्वारा नालों, नहरों एवं जल निकासी मार्गों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

निगम द्वारा बड़े नालों और नहरों की सफाई के लिए चैन एक्सीवेटर मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे महीनों से जमा गाद, मिट्टी व जलकुंभी जैसे खरपतवारों को तेजी से निकाला जा सके। मशीनों की सहायता से गहराई तक सफाई होने से नालों की जल प्रवाह क्षमता में सुधार हो रहा है और बरसात के पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर नालों में अत्यधिक मात्रा में जलकुंभी और कचरा जमा होने के कारण पानी का बहाव प्रभावित हो रहा था। ऐसे स्थानों को चिन्हांकित कर प्राथमिकता के आधार पर सफाई कराई जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग करते हुए सफाई कार्य कराया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नालों में किसी प्रकार की रुकावट न रहे तथा जहां आवश्यकता हो वहां अतिरिक्त मशीनें और सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए। साथ ही निकाले गए कचरे और गाद का तत्काल उठाव भी कराया जा रहा है ताकि दोबारा नालों में अवरोध उत्पन्न न हो।

- जलभराव जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत दिलाने चलाया जा रहा अभियान



## विधायक देवेन्द्र ने नीट की तैयारी कर रहे छात्रों से जानी उनकी पीड़ा

# पिता ने जमीन बेचकर भरी कोचिंग की फीस, इधर पेपर लीक से टूटा दु:खों का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नीट एग्जामिनेशन में पेपर लीक, नीट एग्जामिनेशन में धाधली को लेकर भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने सरकार के खिलाफ बड़ा सवाल उठाते हुए उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की है।

विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि वे एक संस्थान में गए थे जहां नीट की तैयारी कराई जाती है। वहां के छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से अपनी पीड़ा बताई। विधायक ने बताया कि एक छात्र ने उनसे कहा कि उसे पूरा आत्मविश्वासन था कि वह नीट एग्जाम बहुत अच्छे से पास कर लेगा, लेकिन जैसे ही उसे पता चला पेपर लीक हो गया है और रि-एग्जामिनेशन होगा तो वह पूरी तरह टूट गया। परिवार ने कहा कि कोई बात नहीं फिर से तैयारी कर लो। छात्र ने बताया कि मन ही नहीं लग रहा है। पहले वे 15 से 18 घंटे पढ़ता था। जमकर मेहनत कर रहा था, लेकिन अब वैसा मन ही नहीं लग रहा है। इसी तरह एक छात्रा ने कहा कि पेपर लीक हो गया। उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया, लेकिन वे हार नहीं मानने वाले। वे उसी आत्मविश्वासन से फिर से तैयारी करेंगे, फिर से पेपर क्लीयर करेंगे, लेकिन उन्हें डर इस बात का है कि क्या इस बार सब ठीक होगा। छात्रों के मन में अब डर बैठ गया है कि पूरी मेहनत से परीक्षा देते है और उसके बाद उनकी सालों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। एक छात्र ने बताया कि उसके माता पिता ने जमीन बेच कर उसके कोचिंग की फीस भरी थी। भिलाई जैसे शहर में पढ़ने के लिए भेजा था, ताकि उसका करियर बने, लेकिन पेपर ही लीक हो गया। अब ना तो उसका कोचिंग फीस वापस होगा और ना ही अब उसके पास फिर से परीक्षा देने और तैयारी करके लिए पैसे बचे। अब उसके पास कोई सुविधा संसाधन नहीं है।

- विद्यार्थियों में डर का माहौल, 18 18 घंटे पढ़ाई के बाद कहीं दोबारा न हो जाए पेपर लीक



### पेपर लीक के जिम्मेदार लोगों को बचाया जा रहा

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि डबल इंजर की सरकार है। युवा उन्हें देख रही है। जिनके माध्यम से पेपर लीक हुआ है उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बड़े जिम्मेदार लोगों को बचाया जा रहा है। सिर्फ एक दो लोगों को पकड़ कर खानापूर्ति कर रहे हैं। इससे युवाओं में आक्रोश है। इसलिए केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए और सभी जिम्मेदारी अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129




## लाइव इवेंट

### 9 दिवसीय निःशुल्क योग प्राणायाम शिविर शुरू, सुबह उमड़ रहे साधक



**भिलाई।** गायत्री परिवार रामनगर मुक्तिधाम भगवती संस्थान के सहयोग एवं पतंजलि योग समिति दुर्ग के तत्वावधान में रामनगर भिलाई में 9 दिवसीय निःशुल्क योग प्राणायाम शिविर की शुरुआत रविवार से हुई। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रामनगर मुक्तिधाम के प्रांगण में 1 जून तक प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक शिविर चलेगा। शिविर का विधिवत उद्घाटन पतंजलि समिति के योगाचार्य उमेश कुमार साहू, चवन राम साहू, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर के सहायक प्रबंध ट्रस्टी मोहन उमरे, पेखन लाल साहू, ट्रस्टी अजीत सोनबोइर, दिलेश्वर साहू, ट्रस्टी तुलेश्वरी साहू, इंदू ठाकुर, संतोष माण्डले, बी आर डड़सेना की उपस्थिति में गायत्री माता की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन कर किया गया। योगाचार्य उमेश कुमार साहू, नरेन्द्र पटेल, तीजऊ राम साहू, शत्रुहन साहू एवं पेखन लाल द्वारा प्रथम दिन योग-प्राणायाम के साथ प्राकृतिक चिकित्सा, यौगिक क्रियाओं और विभिन्न बीमारियों के प्राकृतिक उपचार व स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। योगाचार्य उमेश कुमार साहू ने कहा, रोज करो योग और रहो निरोग। वहीं गायत्री परिवार कार्यकर्ता मोहन उमरे ने कहा, रोज करो योग, बने रहो निरोग, कोई न करे कभी पानी का दुरुपयोग। इस दौरान आयोजकों ने बताया कि अति बुजुर्ग, गंभीर बीमारी व हार्ट के मरीज शिविर में भाग न लें। साथ ही साधक को अपने घर से आसनी-बिछौना, बॉटल में पानी साथ लाने और खाली पेट आने के निर्देश दिये गए।

- गायत्री परिवार व पतंजलि समिति का आयोजन, 1 जून तक सीखेंगे स्वस्थ रहने के गुर



● जब बीमार फूलवाली लड़की को खुशबू से स्वस्थ किया चमेली के फूलों ने

# इप्टा के नाट्य शिविर समापन समारोह में नन्हे कलाकारों ने दी इंद्रधनुषी प्रस्तुति, सौ से अधिक बच्चों ने बिखेरी लोकरंगी छटा व नाटिकीय संवेदना

**भिलाई विद्यालय के सभागार में आज गीत संगीत और डांस का ऐसा ही खुशनुमा रंगारंगा नजारा था। अवसर था इप्टा भिलाई के बीस दिवसीय 28 वें बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षिण शिविर के समापन शिविर का। राष्ट्रीय इप्टा के 83 वें स्थापना दिवस के जन संस्कृति दिवस पर आयोजित शिविर के यादगार समापन समारोह में ट्विनसिटी के सौ से अधिक बच्चों ने इंद्रधनुषी प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नेहरु हाउस चले शिविर में इप्टा के युवा रंगकर्मियों सीखे नाटकों, लोकनृत्यों और डांस और जनगीतों को नन्हें कलाकारों ने पेश किया। मुख्य अतिथि सहित पालकों, रंगकर्मियों और कलाप्रेमियों ने बच्चों के कलात्मक हुनर की हौसलाआफ्जाई की। समारोह का आगाज इप्टा के कवि शैलेंद्र रचित तू जिंदा है तो जिंदगी की जीत पर यकीन कर संदेशपरक जनगीतों से वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव व सुचित्रा मुखर्जी के साथ इप्टा के सभी बच्चों व रंगकर्मियों ने किया।**

**भिलाई।** संगीत निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी मणिमय मुखर्जी मुखर्जी ने किया। बाद सलिल चौधरी के जनगीत पुराने दिन.. की मुधर प्रस्तुति दी। प्रेम धवन रचित ऐ मेरा प्यारे वतन गीत से देशभक्ति का जज्बा जगाया। इसके बाद ऋतिका साहू, मयंक, हरीश, हर्ष, अपूर्व आदि बच्चों ने नयनाभिराम लोकगीतों व लोक नृत्यों से मंत्रमुग्ध किया। बीबी परगनिया के संगीत निर्देशन में होम्यांश, रिपुसूदन, अनुज, अनुकल्प, आशुतोष, अंशुमन, नोबोनीता, मानवी ने झमाझम पानी गिरे गीत पर मोहक छत्तीसगढ़ी नृत्य से गर्मी में बारिश का सुखद एहसास कराया। जब ये हमर छत्तीसगढ़ गीत पर लोकरंगी प्रस्तुति दी तो माटी की सौंधी गंध से दर्शक विभोर हो गए। और जब रंगबिरंगी वेशभूषा पहने नन्हें कलाकारों ने हैरतअंगेज पिरामिड बनाते कबीर का संदेश दिया तो देर तक तालियां बजती रहीं। प्रेक्षकों का टेस्ट बदलते हुए गोवानी डांस की प्रस्तुति से तो लगा ही नहीं कि यह छोटे बच्चे प्रस्तुति कर रहे हैं। इसके बाद आकर्षक परिधानों से सजे मटके सर पर उठाए बच्चों ने जब बिहार के झिझिया लोक गीत को मंच पर चंचल, जगनाथ, आदिति, पलक, टी दिशा, मान्या, शुभम, दिलीप, हिताक्षी, निहारिका, श्रेया, तनु, गोदावरी, साकार किया तो पालको व फैंस में मोबाइल से फोटो लेने की होड़ लग गई। रंग बिरंगे परिधानों में सुरीले संगीत की धुन पर थिरकते बच्चे हर्षल, प्रत्यात, आदर्श, अनवेश, साहिल, ऋषभ, कुनाल, तिशा, जिज्ञा, कुमकुम, प्रशांत, अक्षना, निमेष, निहारिका, अनुराग, सिद्धार्थ मंच पर अपनी माटी की सुगंध बिखेरते तो कभी बालसुलभ अभियनअदायगी से चुकती जा ही नैतिकता और संवेना को बचाने का पैगाम देते... सभी नौनिहालों के चेहरे पर अपनी मेहनत और कलात्मक टैलेंट को लोगों को दिखाने की उत्सुकता और फिर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ देर तक गूंजता आडिटोरियम...।



### अतिथियों ने की बच्चों की हौसला अफजाई

समापन समारोह के पहले मुख्य अतिथि बीएसपी के जीएम एबी श्रीनिवास, डीजीएम राजेंद्र प्रसाद व शिक्षा विभाग बीएसपी की प्रमुख शिखा दुबे ने बच्चों की प्रतिभा और इप्टा के आयोजन की हौसलाआफजाई करते हुए अन्य को इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इप्टा भिलाई के शिविर समन्वयक रोहित रेड्डी व युवा रंगकर्मी चारु, चित्रांश श्रीवास्तव सहित मणिमय मुखर्जी, रोशन घड़ेकर व अंशुमन ने अतिथियों का बुके से भावभीना स्वागत किया। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव ने पिछले इप्टा व शिविर की 28 साल की यात्रा पर बताया। कार्यक्रम का संचालन रणदीप अधिकारी व हरदीप और निकिता कुमारी, रोहित ने किया।

### संगीतमय नाटक में दिखी संवेदना व आकर्षक अभिनय

गीतों और नृत्य के बाद नन्हे व किशोर कलाकारों ने आकर्षक नृत्य नाटिका की संवेदनात्मक प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इप्टा के युवा रंगकर्मी रोहित रेड्डी के निर्देशन में जास्मीन हीलिंग नाटिका में रंगकर्मियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नाटक के संदेशपरक कथानक में समाज में छीजती जा रही मानवीय संवेदना के साथ प्रकृति से रिश्ते को बखूबी दिखाया गया। कहानी में दिखाया गया कि एक घर की खिड़की से लगा चमेली के फूलों का पौधा होता है। घर की एक लड़की जब रोज फूल तोड़ने आती है तो हर फूल में यह फीलिंग होती है कि आज मुझे तोड़ेगी। वे अपनेपन से आशाभरी निगाहों से तकते रहते हैं। जब एक दिन लड़की नहीं आती तो चमेली के गुच्छे फूल चिंतित हो जाते हो सोचते हैं कहीं लड़की बीमार तो नही हो गई। जिज्ञासु सभी फूल घर जाकर पता करने की सोचते हैं पर जाएंगे कैसे? फिर वे हवा के सहारे वहां जाते हैं और यह देखकर दुखी हो जाते हैं कि उनकी प्यारी लड़की बीमार है और मां लेप लगा रही है। फूल सोचते हैं हम स्वस्थ कैसे कर सकते हैं फिर व बतौर तरकीब हवा के झोंके से अपनी भीनी खुशबू के साथ खिड़की के अंदर एक एक कर बिस्तर पर झरते जाते हैं। खुशबू मलहम की तरह काम कर जाती है। मोहक नाटक का अंत बालिका के बिस्तर से उठ पड़ने और फिर से डलिया लेकर फूल तोड़ने आने और खुशी फूलों के साथ मुधर गीत पर थिरकने से होता है। नाटिका में फूलवाली लड़की नैंसी का प्रभावी किरदार सुजाता ने निभाया। सुजाता की मम्मी कुमकुम बनीं। फूलों की संवेदनात्मक भूमिका शुभम, धैर्य, ओमयांश, दीक्षा, गोदावरी तृष्या, गौरी आदि नन्हें व युवा रंगकर्मियों ने निभाई। सूत्रधार हार्दिक दृश्यानुकूल कथा को पिरोया। पूर्व में युवा रंग कर्मी रोहित पाली, रितेश, रेणु आदि ने स्वागत किया।

## सिटी इवेंट

### बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, दी गई प्राथमिक जानकारी



**दुर्ग।** श्री महाकौशल जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा आयोजित एवं श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के संयोजन में संचालित आवासीय बालिका शिविर में शिविरार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता के लिए निःशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत शिविर में सहभागी सभी बालिकाओं के रक्त नमूनों का संग्रहण किया गया। यह संपूर्ण सेवा श्री आदिनाथ स्वाध्याय मंडल द्वारा संचालित श्रीमहावीर धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। रक्त जांच के अंतर्गत सभी शिविरार्थियों की सीबीसी जांच एवं ब्लड ग्रुप जांच की जाएगी, जिससे बालिकाओं के स्वास्थ्य की प्राथमिक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस पहल के माध्यम से बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समय रहते आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए किया गया था। इस अवसर पर राजेश बाफना, आवेश दुग्गड़, मनीष दुग्गड़, मिनेश छाजेड़, स्वाध्याय मण्डल अध्यक्ष गौतम कोठारी, महावीर धरमार्थ पैथोलॉजी लैब संयोजक दिलीप गोगड़ और संतोष दुग्गड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी ने इस सेवा कार्य में सहयोग किया। शिविर में उपस्थित अभिभावकों एवं सदस्यों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे उपयोगी और प्रेरणादायी पहल बताया। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कारिक शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी अत्यंत आवश्यक है, और इसी उद्देश्य से इस निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्त नमूना संग्रहण कार्य को व्यवस्थित और सुचारु रूप से संपन्न कराने में पैथोलॉजी टीम, स्वाध्याय मंडल के सदस्यों और शिविर व्यवस्थापकों का विशेष सहयोग रहा। संघ एवं ट्रस्ट ने आदिनाथ स्वाध्याय मंडल और महावीर धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब के प्रति आभार व्यक्त किया।



# ताईक्वांडो बेल्ट परीक्षा में 200 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, भिलाई-चरोदा के 70 बच्चों ने मारी बाजी

**भिलाई।** जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग द्वारा किंग्स एंड क्वीन्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा में इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई-चरोदा के सभी 70 खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की। जिले भर से कुल 200 खिलाड़ियों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया। यह आयोजन जिला सचिव राकेश पूरी गोस्वामी के तत्वावधान एवं स्कूल के ऑनर प्रदीप जैन के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।

इंडियन ताइक्वांडो क्लब के सचिव एवं मुख्य कोच अनिल कुमार देवांगन ने बताया कि क्लब के 70 बच्चों ने सहायक कोच तरुण जाम्बुलकर, जतिन नायक, हर्ष शिववंशी और सोनिया सोनी के संरक्षण में हिस्सा लिया। सभी 70 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर बेल्ट परीक्षा पास की और बेल्ट हासिल की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर उपस्थित रहे। वहीं पंचशील नगर पार्षद अर्पणा दास गुप्ता, देश दीपक सिंह, जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र के प्रदेश संयोजक सुनील पटेल, जिला कारवां आरएसएस के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों का सम्मान किंग्स एंड क्वीन्स इंटरनेशनल के ऑनर राज जैन एवं स्कूल के डायरेक्टर राजन जॉर्ज द्वारा किया गया। प्रिंसिपल सम्पदा रिसबुड एवं स्टॉफ बी भाग्यश्री, एम राधिका, करिस्तिना रॉक, ऋषभ सिंह, संतोष मिश्रा, शानिआ अशरफी, नौशाद अली, सीमा तांडी और तरुण पाल के सहयोग द्वारा बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों के माता-पिता ने भी उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी के लिए 19 जून तक भर सकेंगे आवेदन

**भिलाई।** एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट 2 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जो युवा भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में कमीशंड ऑफिसर बनने का सपना देख रहे हैं।

उन युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन 20 मई से शुरू हो चुके हैं। उम्मीदवार 19 जून 2026 तक इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। ऐसे में अगर आप भी एफकैट परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो इस न्यूज अलर्ट के जरिए हम आपको आयुसीमा से लेकर चयन प्रक्रिया तक पूरी जानकारी से अवगत करवाएंगे। इस बार उम्मीदवारों की योग्यता में बदलाव किया गया है। पहले ब्रांच में आवेदन करने के लिए 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य थे, लेकिन अब आवेदन करने के लिए 60% अंकों की अनिवार्यता को हटा दिया गया है। हालांकि आवेदन करने के लिए कक्षा 12वीं में फिजिक्स और गणित में 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। आवेदक की आयु की गणना 1 जुलाई 2027 के आधार पर की जाएगी।

### इतने स्टेज में होगा चयन

भारतीय वायुसेना में कमीशंड ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवारों को तीन चरणों को सफलापूर्वक पास करना अनिवार्य है। सबसे पहले लिखित परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। लिखित परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित कराई जाएगी। इस परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके साथ ही एसएसबी में दौड़ और पुश-अप्स आदि का भी परीक्षण किया जाएगा। एफकैट परीक्षा के तहत चयनित किए गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह 56,100 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

नारी शक्ति को समर्पित रहा महाराष्ट्र दिवस, 8 संस्थाओं ने दी प्रस्तुति

# महाराष्ट्र दिवस पर बिखरे संस्कृति के रंग, पारंपरिक वेशभूषा में लावणी और कोली लोकनृत्यों ने बांधा समां

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र स्नेह मंडल नेहरू नगर के तत्वादान में प्रोफेसर कॉलोनी के शिव मंदिर हॉल में सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया। महाराष्ट्रीयन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और नई पीढ़ी को लोककला से जोड़ने के उद्देश्य से हुए इस कार्यक्रम में ऊर्जावान लेझिम नृत्य, श्रृंगारिक लावणी, भारूड और कोली नृत्य से लेकर शिव स्तुति तक मराठी परंपरा की जीवंत झलक देखने को मिली।कार्यक्रम की शुरुआत दुर्ग पार्षद रीना खिचरिया, प्रमुख वक्ता रोहिणी पाटणकर, उदय मानकर, अनघा आगाशे, सुधीर कोन्हेर और दीपक देशमुख के साथ दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम की शुरआत छत्तीसगढ़ राज्य गीत और स्वागत गीत के साथ की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता रोहिणी पाटणकर ने महाराष्ट्रीयन संस्कृति और उसका विस्तार विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मराठी लोककला भाषाई सीमाओं से परे पूरे देश को जोड़ती है।



### 8 संस्थाओं के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

समारोह में 8 संस्थाओं के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। महाराष्ट्र की लोककला भारूड, ऊर्जावान लेझिम नृत्य, श्रृंगारिक लावणी, कोली नृत्य, नारी शक्ति गीत, भक्तिमय जोगवा, शिव स्तुति, पंढरपुर की वारी और महाराष्ट्र राज्य गीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। महाराष्ट्र मंडल महिला शाखा सेक्टर-4, मराठा मित्र मंडल, मां अनसुईया मंडल, सखी महिला मंडल, क्षत्रिय माली समाज, अलंकार सांस्कृतिक समूह के कलाकारों ने भाग लिया।कला और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम का मंच संचालन सतीष देशपांडे और किशोर खिरोडकर ने आभार व्यक्त किया। सभी अतिथियों, संस्थाओं के अध्यक्षों और कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंदा कामिनकर, किशोर खिरोडकर, विजय बक्षी, रंजना देशपांडे, स्वाति हिरवे, कल्पना गणोरकर सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही।



## सिटी इवेंट

# सर्व ब्राह्मण समाज ने बांटा शीतल छाछ और पेयजल



- समाधान शिविर के स्टॉलों तक पहुंचाई छाछ समाजजनों ने दी सेवाएं

**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा समय-समय पर सेवा कार्य किये जाते है। इसी कड़ी में इन दिनों ट्विनसिटी में पड़ रही भीषण गर्मी में लोगो को राहत देने के लिए समाधान शिविर में शीतल पेयजल एवं छाछ का वितरण किया। छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार के तहत नगर निगम क्षेत्र के पुराना गंज मंडी में लगे समाधान शिविर में पहुंचे नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के लोगों ने वितरण स्थल पर शीतल जल और ठंडी छाछ का भरपूर आनंद लिया। समाज द्वारा न केवल शिविर स्थल पर बल्कि समाधान शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल और मंच तक भी छाछ पहुंचाई गई। छाछ की पूरी व्यवस्था नविता शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज एवं आलोक शर्मा द्वारा की गई। दोनों ने स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को छाछ वितरण में सेवाएं दीं। शीतल जल की व्यवस्था भी समाज द्वारा की गई। इस सेवा कार्य में सभापति श्याम शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, बृजमोहन तिवारी, डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, मुकेश तिवारी, राकेश शर्मा, श्याम तिवारी, आलोक तिवारी, नविता शर्मा, रत्ना नारम देव, प्रीति अजय बेहरा सहित समाज के अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। शिविर में आए नागरिकों ने समाज की इस पहल की सराहना की।

## धर्म लाइव

# पवार क्षत्रिय संघ भिलाई दुर्ग ने वाग्देवी के नाम से उत्सव मनाया



**दुर्ग।** राजा भोज मंगल भवन नेहरू नगर, भिलाई के प्रांगण में खुशी का उत्सव एक दीपक मां वाग्देवी के नाम से मनाया गया। इस अवसर पर मां वांग्देवी एवं राजा भोज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया। वरिष्ठ संरक्षक डॉ. वायआर कटरे एवं राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, संरक्षक गोविंदलाल राहंगडाले, हरिकृष्ण बिसेन, प्रभाकर खौसी, संगठन के संस्थापक सदस्य एवं समाज सेवी गुलाब सिंह चौहान (मलाजखंड), पांढुरना से डोंगरे एवं भोपाल से राम प्रसाद पवार सहित तीनों कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ साथ बड़ी संख्या में समाजिक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गढ़कालिका, मां वाग्देवी एवं चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज को तिलक, माल्यार्पण एवं मां वाग्देवी के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्पूर्ण भवन में दीपकों से जगमगा कर युवा कार्यकारिणी द्वारा आतिशबाजी एवं पटाखे फोड़कर मिठाई एवं खिचड़ी बाटकर खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन महासचिव नीतिराज राहँगडाले द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी द्वारा भोजशाला के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह से भोजशाला पर मुगलों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। इस अवसर पर सभी वरिष्ठजनों एवं इतिहासकारों ने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन के अध्यक्ष छोटेलाल पारधी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## सिटी इवेंट

# समिति ने यात्रा वृत्तांत स्पर्धा के विजेताओं को किया सम्मानित



**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में एचएससीएल भिलाई द्वारा आयोजित यात्रा वृत्तांत एवं श्रमिक जीवन पर आधारित 'लघुकथा लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक राजीव कुमार थे। अध्यक्षता एचएससीएल के उप महाप्रबंधक निशीथ कांति दास ने की। तकनीकी सलाहकार वीके. शाह निर्णायक बीएसपी के उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी तथा भारतीय डाक विभाग, दुर्ग के सहायक अधीक्षक नितिन गोस्वामी विशिष्ट अतिथि थे। मुख्य अतिथि प्रतिभागियों से सतत सृजनशीलता एवं सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया। श्री दास ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से जारी रहेंगे। यात्रा वृतांत प्रतियोगिता में बीएसपी की प्रशासनिक सहायक शिखा दीक्षित प्रथम स्थान सहायक महाप्रबंधक दयानंद साहू, तथा तृतीय टेक्नीशियन अमितेश पुरोहित रहे।लघुकथा लेखन में शत्रुंजय तिवारी ने प्रथम, सहायक महाप्रबंधक विमल कुमार गेडाम ने द्वितीय तथा उप महाप्रबंधक स अमृता गंगराडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन वंदना चौधरी ने किया।

● सकल जैन समाज दुर्ग-भिलाई ने मौन रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

# साधु-संतों की सुरक्षा के लिए समाज एकजुट, साध्वियों पर हमले के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की लगाई गुहार

**दुर्ग।** सकल जैन समाज दुर्ग-भिलाई एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग के बैनरतले सोमवार को हिन्दी भवन दुर्ग से जिला कलेक्टोरेट परिसर तक एक विशाल मौन रैली निकाली गई। रैली में समाज के सभी वर्गों एवं सभी संप्रदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए संत समाज की सुरक्षा एवं हाल ही में घटित घटनाओं के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। विहारत जैन साधु संतों की सुरक्षा हेतु संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने एवं आर्यिका माताजी प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने के संबंध में ज्ञापन में मांग की गई। मौन रैली के बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संत समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग प्रमुख रूप से की गई। ज्ञापन में समाज की ओर से प्रकरण की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराने, घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी फुटेज एवं डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखते हुए दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। समाज के लोगों ने कहा कि संतों के विहार मार्गों पर पुलिस समन्वय, नियमित गश्त, ट्रैफिक नियंत्रण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



### सकल समाज ने घटना की निंदा की सुरक्षा की मांग

मौन रैली के दौरान सकल समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने घटना की निंदा की। इस अवसर पर योगेश बरडिया, ज्ञानचंद पाटनी, कांति लाल बोथरा, धीरज बाकलीवाल, मनीष बड़जात्या, पदम बरडिया, ओम सांखला, प्रकाश सांखला, विमल जैन, रमेश सेठी, जय प्रकाश, राजेश गोधा, प्रशांत जैन, नरेंद्र धीरज बाकलीवाल पिंटू लुहाड़िया प्रकाश गोधा क्षितिज जैन महेश जैन राकेश छाबड़ा मनोज जैन, मीना पाटनी, रंजू बडजात्या, हीरा बाकलीवाल, रचना, सीमा, ऋतु बडजात्या सहित बड़ी संख्या में महिला वर्ग की महिला मौजूद थीं। दुर्ग भिलाई के विभिन्न जैन संगठन, मंदिर समिति सहित सकल जैन समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल इस आयोजन में शामिल हुए।

### संत सुरक्षा समन्वय तंत्र स्थापित किया जाए

समाज के लोगों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन एवं समाज के बीच संत सुरक्षा समन्वय प्रकोष्ठ का गठन करते हुए आपातकालीन संपर्क व्यवस्था स्थापित की जाए। रैली के दौरान समाजजनों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि संत समाज भारतीय संस्कृति, नैतिकता एवं अहिंसा के प्रतीक हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन एवं समाज दोनों की जिम्मेदारी है। समाज ने शासन-प्रशासन से मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रभावी एवं ठोस कदम तत्काल उठाए जाएं।



## नियमित अभ्यास का लिया संकल्प

# प्रथम बटालियन में 300 जवानों ने सीखे योग-प्राणायाम के गुर



**दुर्ग।** प्रथम बटालियन में पदस्थ जवानों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष योग और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 300 जवानों को आसन और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। योगाचार्यो ने जानकारी देते हे बताया कि बटालियन में यह कार्यक्रम अब प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान जवानों को योगासन और प्राणायाम के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि विभिन्न आसनों के नियमित अभ्यास से शरीर को लचीला, मजबूत एवं रोगमुक्त रखा जा सकता है। वहीं प्राणायाम से मानसिक शांति, एकाग्रता, तनाव नियंत्रण एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। जवानों को समझाया गया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि एक समग्र जीवनशैली है जो अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है।कार्यक्रम में जवानों को नियमित योग अभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे अपने दैनिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी मानसिक संतुलन बनाए रख सकें। उपस्थित सभी 300 जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा योग एवं प्राणायाम के अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम में मास्टर आनंद सिंह और टीम स्वावलंबी योग के मार्गदर्शन में किया गया। अंत में सभी जवानों की सहभागिता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## गृहमंत्री की निधि से होना है काम

# लालमैदान में मां दुर्गा के लिए बनेगा नया डोमशेड, हो चुका है भूमिपूजन



**भिलाई।** पावर हाउस स्थित लालमैदान के पवित्र प्रांगण में मातारानी के डोमशेड निर्माण का कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाने पर लालमैदान दुर्गोत्सव समिति ने नाराजगी जताई है। समिति के प्रतिनिधि मंडल ने शासन के सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत मांग पत्र सौंपकर जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग की। दरअसल गृहमंत्री विजय शर्मा के मद से डोमशेड निर्माण के लिए फंड जारी हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इसका वर्चुअल भूमिपूजन भी किया जा चुका है। इसके बावजूद महीनों बाद भी मौके पर काम शुरू नहीं हो पाया है। इसी को लेकर दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी आज कैंप-2 के शीतला मंदिर डोमशेड में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में पहुंचे। प्रतिनिधि मंडल ने शासन के नाम अनेक मांग पत्र सौंपे और कहा कि नवरात्रि व अन्य धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं को दिक्कत होती है। लालमैदान का यह डोमशेड क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्माण कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। समिति ने जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू कराने की मांग की है। अधिकारियों ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मांग पत्र को संबंधित विभाग तक पहुंचाकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस परिवार के बच्चों का भी हुआ विशेष सम्मान, एसएसपी अग्रवाल ने दिए टिप्स

# बोर्ड के टॉप टेन मेधावियों को किया सम्मानित, सफलता अनुशासन और सकारात्मक सोच का दिया मंत्र

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस द्वारा दधीची सभागार पुलिस लाइन दुर्ग में 10वीं-12वीं के सीजी और सीबीएससी बोर्ड में टॉप टेन स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस परिवार के बच्चों को भी उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।





### पारिवारिक वातावरण मजबूत करने की अपील

कार्यक्रम में लाइफ एंड पैरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र, लक्ष्य निर्धारण, तनावमुक्त अध्ययन एवं सकारात्मक सोच के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, संवाद बनाए रखने तथा मोबाइल-टीवी से दूरी रखकर पारिवारिक वातावरण मजबूत करने की अपील की। इस दौरान शिक्षक आरिफ खान ने विद्यार्थियों को भविष्य की पढ़ाई एवं करियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### अभिभावकों बच्चों की समस्याओं को समझें- एसएसपी

एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत एवं सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाएं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों की समस्याओं को समझें, उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनें एवं बेहतर मार्गदर्शन दें। एसएसपी ने कहा कि मेधावी विद्यार्थी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और अन्य छात्र-छात्राएं भी उनसे प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

### पुलिस ने बच्चों व पेरेन्ट्स से की अपील

दुर्ग पुलिस ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करें, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करें एवं शिक्षा के माध्यम से बेहतर समाज निर्माण में सहयोग करें। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एमएस चंद्रा, उप पुलिस अधीक्षक लाइन सीपी तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा सहित पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में पुलिस लाइन दुर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही।

ज्योतिष

# मिथुन राशि में बुध के प्रवेश से शुरू होंगे इन राशियों के अच्छे दिन



मई महीने के आखिर में बुध ग्रह राशि बदलने जा रहे हैं। 29 मई 2026 को बुध मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष में मिथुन राशि को बुध की अपनी राशि माना जाता है। ऐसे में इस गोचर को काफी खास माना जा रहा है। बुध ग्रह को बोलचाल, समझदारी, व्यापार और दिमाग से जोड़कर देखा जाता है। कहा जाता है कि जब बुध मजबूत स्थिति में होते हैं तो व्यक्ति अपने फैसलों और बातचीत के दम पर आगे बढ़ता है।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि वालों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। लोगों के बीच आपकी बातों का असर बढ़ सकता है। नौकरी और बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। अगर लंबे समय से किसी नए काम की योजना बना रहे थे तो उस पर आगे बढ़ सकते हैं। पार्टनरशिप में काम करने वालों को भी फायदा मिलने के संकेत हैं।

**कन्या राशि :** कन्या राशि वालों के लिए करियर के मामले में यह समय बेहतर माना जा रहा है। ऑफिस में मेहनत का फायदा मिल सकता है। कुछ लोगों को नई जिम्मेदारी या प्रमोशन की खबर भी मिल सकती है। जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें अच्छा मौका मिल सकता है।

**तुला राशि :** तुला राशि वालों के लिए रुके हुए कामों में तेजी आने के संकेत हैं। पैसों से जुड़े मामलों में राहत मिल सकती है। कुछ लोगों को अचानक लाभ मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। यात्रा या नई जगह काम करने का मौका भी मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि वालों के लिए बुध का यह गोचर पढ़ाई और करियर के मामले में अच्छा माना जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को फायदा मिल सकता है। कमाई के नए रास्ते खुल सकते हैं। परिवार में भी खुशी का माहौल बना रह सकता है।

**बुध ग्रह को मजबूत करने के लिए क्या करें :** बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा करना शुभ माना जाता है। कई लोग इस दिन हरी चीजों का दान भी करते हैं। मान्यता है कि बुध से जुड़े मंत्रों का जाप करने से सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।0000

## 22 जून को बुध करेंगे कर्क राशि में प्रवेश, मिथुन, कन्या, मकर राशि की बल्ले-बल्ले



बुध हर 15 दिन में राशि परिवर्तन करते हैं। जून माह के अंत में यानी 22 जून को बुध राशि परिवर्तन करके कर्क राशि में प्रवेश कर जाएंगे। बुध के कर्क राशि में आने से इन तीन राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है। ये विश्लेषण चंद्र राशि के आधार पर किया जा रहा है। पंचांग के अनुसार, बुध 22 जून को दोपहर 3 बजकर 9 मिनट पर अपनी स्वराशि मिथुन से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा है। ऐसे में कुछ राशि के जातकों के मानसिक, शारीरिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन कुछ राशि के जातकों को लाभ मिल सकता है।

**मकर राशि :** आपकी गोचर कुंडली के सातवें भाव में बुध गोचर करने वाले हैं। इस भाव को साझेदारी, विवाह, व्यापारिक संबंध आदि का माना जाता है। ऐसे में बुध के इस भाव में जाने से इस राशि के जातकों को नौकरी और व्यापार में लाभ मिल सकता है। कार्यस्थल में आपके काम की तारीफ हो सकती है। ऐसे में आय में वृद्धि के साथ पदोन्नति हो सकती है। ऐसे में पैसों की तंगी से निजात मिल सकती है। हालांकि अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा ध्यान रखें, क्योंकि इसके कारण बनते हुए काम भी बिगड़ सकते हैं।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के कुंडली के ग्यारहवें भाव में विराजमान रहेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों के आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। लंबे समय से रुके काम पूरे हो सकते है। समाज में मान-सम्मान की तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। स्वास्थ्य इस अवधि में अच्छा रहने वाला है। मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है। दोस्तों, रिश्तेदारों से लेकर परिवार के साथ अच्छा वक्त बीत सकता है। अध्यात्म की ओर भी आपका झुकाव हो सकता है।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों की राशि के दूसरे भाव में बुध का गोचर होगा। ऐसे में इस राशि के जातकों को अचानक धन लाभ हो सकता है। आपकी वाणी में मधुरता आ सकती है। आर्थिक स्थिति इस अवधि में अच्छी रहने वाली है। आप नई संपत्ति, वाहन, घर या फिर प्रॉपर्टी खरीदने में सफल हो सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं की तेजी से वृद्धि हो सकती है। निवेश से भी लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

तेज धूप, बढ़ता तापमान और डिहाइड्रेशन न सिर्फ हमारी एनर्जी सोख लेते हैं

# गर्मियों में क्यों बढ़ जाते हैं हैवी पीरियड्स? जानिए हार्मोन्स पर असर और राहत के आसान टिप्स

गर्मियों का मौसम शुरू होते ही सेहत से जुड़ी कई चुनौतियां सामने आने लगती हैं। तेज धूप, बढ़ता तापमान और डिहाइड्रेशन न सिर्फ हमारी एनर्जी सोख लेते हैं, बल्कि महिलाओं के पीरियड्स को भी बुरी तरह प्रभावित करते हैं। अक्सर देखा गया है कि गर्मियों में महिलाओं को हैवी ब्लीडिंग, असहनीय दर्द, ऐंठन और पेट फूलने जैसी समस्याओं का सामना ज्यादा करना पड़ता है। आइए जानते हैं कि मौसम का यह बदलाव महिलाओं के हार्मोन्स को कैसे प्रभावित करता है और इससे कैसे बचा जा सकता है।



### दर्द, ऐंठन और सूजन से बचने के उपाय

गर्मियों के इस कठिन दौर में थोड़ी सी सावधानी और सही दिनचर्या अपनाकर मासिक धर्म की तकलीफों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दिनभर में कम से कम 3-4 लीटर पानी पिएं। सादे पानी के अलावा नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ और इलेक्ट्रोलाइट्स लें। तरबूज, खीरा और संतरा जैसे पानी से भरपूर फल खाएं। यह शरीर की सूजन और सिरदर्द को कम करेगा।

### इन तरीकों को भी आजमाएं

इन दिनों तला-भुना, ज्यादा मसालेदार और अधिक नमक वाले जंक फूड से पूरी तरह दूरी बना लें। हार्मोन्स को संतुलित रखने के लिए 7-8 घंटे की गहरी नींद बेहद जरूरी है। इसके साथ ही पसीने और इन्फेक्शन से बचने के लिए ढीले, आरामदायक और सूती कपड़े पहनें।

### ज्यादा परेशानी हो तो डॉक्टर को दिखाएं

यदि आपको लगातार कई महीनों तक बहुत ज्यादा ब्लीडिंग, असहनीय दर्द या चक्कर आने की समस्या हो, तो इसे सामान्य मानकर नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

### गर्मी में हैवी पीरियड्स की वजह

ज्यादा गर्मी से ब्लीडिंग नहीं बढ़ाती, लेकिन यह शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ देती है। तेज गर्मी के कारण नींद पूरी न होना, तनाव बढ़ना और खान-पान में बदलाव आने से शरीर में स्ट्रेस हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। यह बढ़ा हुआ तनाव पीरियड्स को नियंत्रित करने वाले एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन्स को असंतुलित कर देता है।

### शरीर में कई समस्याएं महसूस होती है

इसके अलावा, गर्मी में डिहाइड्रेशन के कारण शरीर में कमजोरी आ जाती है। जिन महिलाओं को पहले से ही पीसीओएस, थायराइड या एंडोमेट्रियोसिस जैसी समस्याएं हैं, उनके लक्षण इस मौसम में और गंभीर हो जाते हैं, जिससे हैवी पीरियड्स और पेट में तेज ऐंठन महसूस होने लगती है।

# डायबिटीज मरीजों के लिए केला और आम सही या नहीं, सावधानियां रखना जरूरी

गर्मियों के मौसम में लोग आम खाना बहुत पसंद करते हैं। साथ ही बनाना शेक भी एक अच्छा विकल्प माना जाता है। हालांकि बहुत से लोगों को डायबिटीज होती है, जिसके कारण वे कई फल खाने से कतराते हैं। ऐसे में अक्सर मन में ये सवाल भी होता है कि आखिर डायबिटीज के मरीजों को आम और केला खाने चाहिए या नहीं। अगर आपके मन में भी ये सवाल है, तो आज हम आपके इसी सवाल का जवाब लेकर आए हैं।



दरअसल, डायबिटीज के मरीज गर्मियों में आम और केला खा सकते हैं लेकिन उन्हें कुछ चीजों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है उन्हें एक सीमित मात्रा में आम और केले खाने चाहिए। इस दौरान उन्हें कुछ सावधानियां बरतने की भी ज़रूरत है।

### आम खाने का तरीका

आम खाना सेहत के लिए अच्छा होता है। इसमें नेचुरल शुगर और कार्ब्स होते हैं। हालांकि इसका सेवन संतुलित मात्रा में ही खाना चाहिए। डायबिटीज के मरीज रोजाना एक मध्यम आकार का आम या आधा आम खा सकते हैं। डायबिटीज पेशेंट्स को आम का जूस, शेक और आमरस नहीं पीना चाहिए। इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है।

### केला खाने का तरीका

डायबिटीज के मरीजों को केले का सेवन करने से बचना चाहिए। अगर मन करता है, तो कम मात्रा में केले का सेवन कर सकते हैं। बहुत ज्यादा पके केले नहीं खाने चाहिए। छोटे या कम पके केले आपकी सेहत पर नेगेटिव असर नहीं डालेंगे।

### बरतें ये सावधानियां

आम और केलों का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए। इनका सेवन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच करना चाहिए क्योंकि इस दौरान मेटाबॉलिज्म सक्रिय रहता है। रात के समय इसका सेवन न करें। बता दें कि अगर आपका ब्लड शुगर लेवल नियंत्रण में है, तो आप दिन के समय 100-150 ग्राम तक आम या एक छोटा केला खा सकते हैं। इन फलों का सेवन करने के बाद शुगर की जांच जरूर करें।

# किडनी को नुकसान से बचाने शुरुआती चेतावनी को न करें इग्नोर

आज के समय में खराब खानपान और बदलते लाइफस्टाइल के कारण लोगों की किडनी काफी जल्दी खराब हो जाती है। इसको दुरुस्त रखने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। अगर आप भी अपनी किडनी को डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो किडनी को डिटॉक्स रखना काफी जरूरी है। शुरुआती लक्षणों की बात करें, तो थकान, सूजन और यूरिन में बदलाव किडनी के खराब होने के लक्षण हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपकी किडनी को डैमेज कर सकती हैं।

**पेन किलर्स का सेवन न करें :** जानकारी के अनुसार, आपको ज्यादा पेनकिलर्स का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे आपकी किडनी खराब हो सकती है। बिना डॉक्टर की सलाह से पेनकिलर खाना नुकसानदायक हो सकता है।

**ज्यादा नमक खाने से बचें :** आपको ज्यादा नमक का सेवन करने से बचना चाहिए। ज्यादा नमक खाने से रक्तचाप बढ़ा सकता है और बदले में आपकी किडनी को नुकसान हो सकता है।

**प्रोसेस्ड फूड से बचें :** आपको प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचना चाहिए। प्रोसेस्ड फूड में सोडियम और



फास्फोरस ज्यादा होते हैं। ये आपकी किडनी और हड्डियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

**नींद के कारण :** अगर आप सही ढंग से नहीं सोते हैं, तो स्लीपिंग पैटर्न बदल जाता है और इससे भी आपकी किडनी को नुकसान हो सकता है। आपको रोजाना 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।

**पानी की कमी के कारण :** किडनी को दुरुस्त रखने के लिए शरीर को हाइड्रेट रखना काफी जरूरी है। ऐसे में अगर पानी कम पिएंगे, तो आपकी किडनी में स्टोन हो सकते हैं।

**शुगर का सेवन :** शुगर का ज्यादा सेवन करने से मोटापा बढ़ता है और हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे किडनी भी डैमेज हो सकती है।

**मीट का सेवन :** मीट का सेवन ज्यादा करने से किडनी को नुकसान हो सकता है। एनीमल प्रोटीन का ज्यादा सेवन करने से ब्लड में उच्च मात्रा में एसिड पैदा होता है।



# अपने बच्चों को किशोरावस्था में सिखाएं कुछ अहम बातें, जीवन में बनेंगे सफल

किशोरावस्था एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण समय है, जब बच्चे अपने जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों को विकसित करना शुरू करते हैं।

माता-पिता के रूप में, आपका योगदान इस प्रक्रिया में बहुत अहम हो सकता है। सही दिशा में मार्गदर्शन देकर आप अपने किशोर को एक मजबूत और सफल जीवन जीने के लिए तैयार कर सकते हैं। आइए आज हम आपको ऐसे अहम जीवन सबक बताते हैं, जो किशोर बच्चों को सिखाना जरूरी है।

**ईमानदारी का महत्व समझाएं :** ईमानदारी एक ऐसा गुण है, जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत अहमियत रखता है। किशोरों को सिखाएं कि सच बोलना और झूठ न बोलना कितना जरूरी है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज में सम्मानित होते हैं। ईमानदारी से वे दूसरों के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं और उनकी पहचान एक अच्छे इंसान के रूप में होती है। इसलिए, हमेशा अपने किशोरों को सच बोलने की आदत डालें।



**मेहनत का महत्व बताएं :** मेहनत ही सफलता की चाबी होती है। किशोरों को यह समझाना जरूरी है कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। बिना मेहनत के कुछ भी हासिल नहीं होता। उन्हें अपनी पढ़ाई या किसी भी काम में मेहनत करने की आदत डालें। इसके अलावा उन्हें यह भी सिखाएं कि कठिनाइयों का सामना करके ही सफलता मिलती है और मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। इस तरह वे जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।

**समय प्रबंधन सिखाएं :** समय का सही इस्तेमाल एक जरूरी कला है, जो हर किशोर को सीखनी चाहिए। उन्हें यह सिखाएं कि कैसे वे अपनी दिनचर्या को सही तरीके से प्लान कर सकते हैं, ताकि वे सभी काम समय पर कर सकें। इससे न केवल उनकी उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि वे तनाव मुक्त भी रहेंगे। समय का सही उपयोग करने से वे अपने शौक, पढ़ाई और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए भी समय निकाल पाएंगे।

### आलोचना सहन करना सीखें

जीवन में आलोचना आती रहती है, इसलिए किशोरों को यह सिखाना जरूरी है कि वे आलोचना को सकारात्मक तरीके से लें। उन्हें बताएं कि हर किसी की राय अहमियत रखती है, लेकिन खुद पर विश्वास रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। आलोचना से घबराने के बजाय उसे सुधारने का मौका समझें। इससे वे मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे और अपनी गलतियों से सीख सकेंगे। यह गुण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

### दूसरों की मदद करना


दूसरों की मदद करना न केवल अच्छा काम होता है, बल्कि इससे हमारी आत्मा भी शांत रहती है। किशोरों को यह आदत डालें कि वे दूसरों की मदद करें, चाहे वह छोटा-सा काम ही क्यों न हो। जैसे किसी बुजुर्ग व्यक्ति का रास्ता पार कराना या स्कूल में किसी नए दोस्त का हाथ थामना। इन अहम जीवन सबकों के जरिए आप अपने किशोर बच्चों को एक सफल और खुशहाल जीवन जीने के लिए तैयार कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

यह रंग शांति और आराम का एहसास दिलाता है, जिससे आपका घर एक अलग ही माहौल बनाता है

# घर की सजावट के लिए बेहतरीन है लैवेंडर मन व आंखों को भी देता है सुकून

लैवेंडर एक ऐसा रंग है, जो न केवल आंखों को सुकून देता है, बल्कि आपके घर की सजावट को भी खास बना सकता है। यह रंग शांति और आराम का एहसास दिलाता है, जिससे आपका घर एक अलग ही माहौल बनाता है। इसके अलावा लैवेंडर रंग के फर्नीचर और दीवारों पर भी अलग ही निखार आता है। आइए जानते हैं कि क्यों लैवेंडर रंग का इस्तेमाल घर की सजावट के लिए बेहतरीन है।



### मानसिक शांति देने में है मददगार

लैवेंडर रंग मानसिक शांति और सुकून प्रदान करता है। यह रंग तनाव को कम करने में मदद करता है और मन को शांत रखता है। अगर आप अपने घर की दीवारों या फर्नीचर पर लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपका घर एक आरामदायक माहौल बनाता है, खासकर बेडरूम और लिविंग रूम में लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करने से आप ताजगी महसूस कर सकते हैं और मानसिक तनाव से राहत पा सकते हैं।

### प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर

लैवेंडर रंग प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर होता है। यह रंग हर मौसम में अच्छा लगता है और आपके घर को एक ताजगी भरा लुक देता है। चाहे सर्दी हो या गर्मी, लैवेंडर रंग हर मौसम में खिलता हुआ नजर आता है। इसके अलावा यह रंग सूरज की रोशनी में भी अपनी चमक नहीं खोता, जिससे आपका घर हमेशा खुशनुमा दिखता है। लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करके आप अपने घर को एक प्राकृतिक और आकर्षक रूप दे सकते हैं।

### सेहत के लिए है फायदेमंद

लैवेंडर रंग का इस्तेमाल सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। यह रंग न केवल आंखों को सुकून देता बल्कि मन को भी शांत रखता है। इसके अलावा लैवेंडर रंग की दीवारें और फर्नीचर आपके मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इससे आप तनावमुक्त महसूस करते हैं और आपके घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहता है। इसलिए अपने घर की सजावट में लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सजावट में देता है नया अंदाज

लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करके आप अपनी घर की सजावट में नया अंदाज ला सकते हैं। यह रंग फर्नीचर, पर्दे, कुशन कवर आदि पर बेहद खूबसूरत लगता है। इसके अलावा आप दीवारों पर भी इस रंग का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे आपका घर एक अलग ही रूप ले लेगा। लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करके आप अपने घर को न केवल आकर्षक बना सकते हैं बल्कि उसे एक ताजगी भरा माहौल भी दे सकते हैं।



### कई तरह से उपयोगी

लैवेंडर रंग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसका उपयोग कई तरीकों से किया जा सकता है। आप चाहें तो इसे सिर्फ दीवारों पर ही नहीं, बल्कि पर्दों, कुशन कवर्स, बेडशीट्स आदि में भी शामिल कर सकते हैं। इससे आपका घर न केवल सुंदर दिखेगा बल्कि उसमें एक ताजगी भरी महक भी आएगी। इस प्रकार लैवेंडर रंग का इस्तेमाल करके आप अपने घर को न केवल आकर्षक बना सकते हैं बल्कि उसे एक आरामदायक माहौल भी दे सकते हैं।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बड़े पर्दे पर फिर लौटेगी एंडगेम, इस साल मार्वल की तीन बड़ी फिल्में होंगी रिलीज



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स एक बार फिर दुनिया भर के दर्शकों को रोमांच से भरने की तैयारी कर चुकी है। सुपरहीरो फिल्मों की दुनिया में अपनी अद्वितीय पहचान बना चुकी अवेंजर्स एंडगेम अब 2026 में दोबारा थिएटरों में वापसी करने जा रही है। जी हां, मार्वल अपने गोल्डन एरा को फिर से जीवंत करने के इरादे के साथ उतरा है और 2026 को सुपरहीरो कहानियों का सबसे बड़ा साल बनाने की रणनीति तैयार हो चुकी है। मार्वल ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया है कि अवेंजर्सः एंडगेम की री-रिलीज 25 सितंबर 2026 को की जाएगी। 2019 में रिलीज हुई यह फिल्म विश्वभर में करोड़ों फैंस से जुड़ी है। अपनी दिल दहला देने वाली कहानी, सुपरहीरो टीमअप और इमोशनल पडावों के कारण एंडगेम को काफी पसंद किया गया था। री-रिलीज के पीछे मार्वल का उद्देश्य न केवल नए दर्शकों को इस क्लासिक फिल्म से जोड़ना है, बल्कि पुराने फैंस को भी वह एहसास दोबारा देने का है, जिसने 2019 में सिनेमाघरों को हाउसफुल कर दिया था। मार्वल का 2026 का कैलेंडर इस बात का प्रमाण है कि MCU एक नए सुपरहीरो युग की शुरुआत करने वाला है। जुलाई से दिसंबर तक के तीन महीनों में तीन बड़ी रिलीज दर्शकों के सामने होंगी- स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यूज डे अगले साल 31 जुलाई को रिलीज होगी। अवेंजर्स एंडगेम 25 सितंबर को रि-रिलीज हो रही है।

## टॉलीवुड

### पुलीः विजय की 130 करोड़ी महाफ्लॉप फिल्म, श्रीदेवी बनी थीं विलन



बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा में अनगिनत फिल्में बनी हैं। इनमें से कुछ ने परचम लहराया, तो कुछ बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गईं। इन्हीं में से एक थी हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने थलपति विजय। फिल्म को बहुत बड़े लेवल पर बनाया गया था और विलन बनी थीं दिवंगत श्रीदेवी। लोगों को लगा कि ये 'बाहुबली' जैसा कुछ कमाल कर जाएगी लेकिन ये हो न सका। रिलीज से पहले, इस तमिल मल्टी-स्टारर फिल्म को लेकर इतना प्रचार हुआ था कि सबको लगा यह 'बाहुबली' जितनी बड़ी हिट होगी। अफसोस की बात है कि यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गई। ये फिल्म है 'पुली', जिसके बारे में हम सबकुछ बताने वाले हैं अपनी 'संडे सिनेमा' सीरीज में। प्रभास की फिल्म 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' 2015 में रिलीज हुई और ठीक तीन महीने बाद, इसी तरह के एलिमेंट्स, राज्यों, जंगलों और भव्य सीन्स वाली एक और काल्पनिक फिल्म 'पुली' रिलीज हुई। इसी वजह से, कई लोगों ने 'पुली' की तुलना 'बाहुबली' से की, हालांकि दोनों फिल्मों की कहानी और स्टार्स अलग-अलग थे। दिवंगत सुपरस्टार श्रीदेवी ने फिल्म 'पुली' में मेन विलन रानी यवनारानी का किरदार निभाया था। भारी आभूषण, शाही कपड़े और दमदार एक्टिंग से उनका लुक उनके आम रोमांटिक रोल्स से बिल्कुल अलग था। उनका मेकअप और स्टाइल काफी चर्चा का विषय बन गया, कुछ लोगों ने इसे हद से ज्यादा थोपा हुआ बताया तो कुछ ने इसकी तारीफ भी की।

## भोजपुरी

### पवन, आम्रपाली, निरहुआ ला रहे नया रिएलिटी शो 'भोजपुरी बवाल'



भोजपुरी सिनेमा के कलाकार अपना एक अलग रिएलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' लेकर आ रहे हैं जो नेशनल लेवल पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स टीवी पर टेलिकास्ट होने जा रहे हैं इस शो में भोजपुरी सिनेमा के कई धुरंधर दिखेंगे। निरहुआ से लेकर आम्रपाली दुबे, पवन सिंह जैसे तमाम सितारे इस 'भोजपुरी बवाल' में नजर आनेवाले हैं। 'बिग बॉस', 'राइज एंड फॉल' जैसे शोज़ की की तरह पर अब भोजपुरी का अपना रिएलिटी शो देशभर में छाने को तैयार है। जियो हॉटस्टार और कलर्स साथ मिलकर इन सितारों के साथ ये रिएलिटी शो लेकर आ रहा है। हालांकि, यहां ये भी बताया जा रहा है कि ये 'बिग बॉस' या 'लॉक अप' के तर्ज पर एक घर के अंदर रहकर फाइट और आगे निकलने का शो नहीं होगा। यानी इसमें आपको लड़ाई-झगड़ा, ड्रामा, टास्क और इविक्शन जैसी चीज़ें देखने को नहीं मिलेंगी बल्कि ये एक ऐसे रिएलिटी शो होनेवाला है जहां दर्शक भोजपुरी के दिग्गज सितारों की जिंदगी को बेहद करीब से जान और समझ सकेंगे। इस रिएलिटी शो में भोजपुरी सितारे अपनी जिंदगी से जुड़ी सच्ची कहानियों के बारे में बताते दिखेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक 'भोजपुरी बवाल' नाम के इस रिएलिटी शो में दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ, पावर स्टार पवन सिंह, भोजपुरी क्वीन आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और राजनेता तेज प्रताप यादव जैसी कई हस्तियां नजर आएंगी। जियो हॉटस्टार रिएलिटी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक टीजर जारी किया है जिसमें निरहुआ और आम्रपाली की झलक नजर आ रही। इस पोस्ट को शेयर करते हुए मेकर्स की तरफ से लिखा गया है, 'जब बात हो भोजपुरी हार्ट और ठाठ की तो बवाल गारंटी है। भोजपुरी बवाल जल्द आ रहा है जियो हॉटस्टार और कलर्स टीवी पर।' बताया गया है कि ये शो 'फोलो रिएलिटी' फॉर्मेट पर बेस्ड होगा जहां सितारे पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ की उन बातों को सामने लाएंगे जिनके बारे में लोग नहीं जानते थे या फिर उन्हें अब तक गलत पता था।

## लाइफ स्टाइल

### अनन्या ने अपने लुक से जीत लिया दिल

"मुंबई में आयोजित एक प्रसिद्ध ब्यूटी अवॉर्ड्स में अनन्या पांडे ने अपने लुक से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान उन्होंने एनिमल प्रिंट की स्टाइलिश टू-पीस ड्रेस में जमकर पोज दिए। साथ ही फ्रंट ओपन जैकेट के साथ थाई स्लिट स्कर्ट कैरी की।



## इवेंट में जाने के लिए पहनें इस तरह की स्टाइल और डिजाइन वाली साड़ियां

फैशन





शादी हो या पार्टी साड़ी हर फंक्शन के आउटफिट के लिए बेस्ट है। आप साड़ी पहनकर एलिगेंट लुक ले सकती हैं। साड़ी एक ऐसा भारतीय परिधान है, जो हर लड़की-महिला की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। जैसे साड़ी महिलाओं को खूबसूरत बनाती है, वैसे ही उसकी स्टाइलिंग भी बेहद जरूरी होती है।

इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है और ऐसे में महिलाओं के लिए सही ड्रेस का चुनाव करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। ऐसे में आज की इस खबर में हम आपको कुछ अलग-अलग स्टाइल और डिजाइन की साड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे पहनकर आप किसी भी इवेंट में चार-चांद लगा सकते हैं और हर कई आपकी तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पाएगा। आइए जानते हैं।

**साटिन की साड़ी करें ट्राई :** सैटिन की साड़ी भले ही ट्रेंड से चली गई है, लेकिन आज कल लड़कियां इस साड़ी को हर खास इवेंट में स्टाइल कर रही हैं। सैटिन की साड़ी आपको ट्रेंडी के साथ-साथ खूबसूरत लुक भी देता है। आप इसे अलग-अलग ब्लाउज के साथ वियर कर सकती हैं और इसके साथ आप इंडो-वेस्टर्न लुक भी कैरी कर सकती हैं।

**थ्रेड वर्क साड़ी लगेगी स्टाइलिश :** थ्रेड वर्क वाली साड़ी एक बार फिर फैशन में आ गई है। अगर आप भी खुद को अलग स्टाइलिंग करने की सोच रही हैं तो चिकनकारी, थ्रेड वर्क साड़ी या फिर बॉर्डर वर्क साड़ी ट्राई कर सकती हैं। यह मार्केट में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

**शिफॉन की साड़ी करें वियर :** आज कल कॉलेज गोइंग गर्ल्स शिफॉन की साड़ियों को ही वियर कर रही हैं। यह किसी भी फंक्शन में काफी स्टाइलिश लुक देता है और आसानी से कैरी भी किया जा सकता है। अगर आप कोई डे फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो इस साड़ी को जरूर ट्राई कर सकती हैं।

**सिल्क साड़ी :** सिल्क साड़ी का ट्रेंड कभी खत्म नहीं होने वाला है। हर उम्र की महिलाएं सिल्क साड़ी को पहनना काफी पसंद करती हैं। सिल्क साड़ी में आप के पास वैरायटी है। आप बनारसी, कांजीवरम, कांचीपुरम जैसी साड़ी का चुनाव कर सकती है। यह हर फंक्शन के लिए बेहतरीन है।

## क्या आप भी चाहती हैं नेल पॉलिश को खूबसूरत व टिकाऊ बनाना, तो इन टिप्स का रखें ध्यान

लड़कियां और महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। ठीक उसी तरह से आज के समय में नाखूनों को भी खूबसूरत बनाकर रखने की परंपरा है। इसके लिए लड़कियां स्पेशली अलग-अलग नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। बाजार में अब तमाम रंगों की नेल पैंट आती हैं, जो देखने में काफी खूबसूरत लगती हैं।

**सबसे पहले नाखूनों को करें तैयार :** नेल पॉलिश से पहले नाखून साफ करें। नाखूनों पर किसी भी प्रकार का ऑयल, गंदगी या मॉइश्चर मौजूद हो तो नेल पॉलिश ठीक से नहीं टिकती। ऐसे में नेल पॉलिश लगाने से पहले नेल रिमूवर या ऐसिटोन से नाखूनों को अच्छी तरह साफ करें। इसके बाद एक सूखे कपड़े से नाखून पोंछ लें।

**अब बारी है बेस कोट की :** नेल पॉलिश लगाने से पहले हमेशा बेस कोट लगाएं। यह नेल पॉलिश को नाखूनों पर बेहतर तरीके से टिकने में मदद करता है और नाखूनों को पीलेपन से बचाता है। ये पारदर्शी नेल पॉलिश होती है, जिसे लगाना बेहद जरूरी होता है।

**पतली परतों में नेल पॉलिश लगाएं :** नेल पॉलिश हमेशा पतली परत में लगाएं। पहले एक हल्की परत



लगाएं और इसे सूखने दें। फिर दूसरी परत लगाएं। मोटी परतें जल्दी चिपक जाती हैं, इसलिए पतली परतों में काम करें। यदि आपकी नेल पॉलिश गाढ़ी हो गई है तो इसे गुनगुने पानी के कटोरे में रखकर पहले पिघला लें, तब इस्तेमाल करें।

**टॉप कोट का इस्तेमाल करें :** नेल पॉलिश लगाने के बाद टॉप कोट लगाएं। यह नेल पॉलिश को सील कर देता है और उसे लंबे समय तक टिकने में मदद करता है। हर 2-3 दिन में टॉप कोट का रिफ्रेशर लगाएं, ताकि नेल पॉलिश की शाइन बनी रहे।

### नाखूनों को पानी से बचाएं

गर्म या ठंडा पानी से नाखूनों का संपर्क नेल पॉलिश को जल्दी खराब कर सकता है। इसलिए कोशिश करें कि बर्तन धोते समय या घर के काम करते समय दस्ताने पहनें, ताकि नाखूनों पर पानी और डिटर्जेंट का प्रभाव न पड़े।

### सही नेल पॉलिश चुनें

नेल पॉलिश के इस्तेमाल से समय ध्यान रखें कि इसकी क्वालिटी सही होनी चाहिए। अच्छी गुणवत्ता की नेल पॉलिश ज्यादा समय तक टिकी रहती है। ऐसे में सस्ते और जल्दी चिपकने वाले उत्पादों से बचें।

## हाथों की त्वचा धूप से पड़ गई है काली, लगती है भद्दी तो इन असरदार तरीकों से करें साफ

हाथों का कालापन एक आम समस्या है, जो गर्मी में कई लोगों को परेशान करती है। यह समस्या धूप में अधिक समय बिताने, अनियमित त्वचा देखभाल रूटीन और अन्य कारणों से हो सकती है। इस लेख में हम त्वचा की देखभाल के कुछ असरदार उपायों पर चर्चा करेंगे, जिनसे आप अपने हाथों के कालेपन को साफ कर सकते हैं और उन्हें पहले जैसा कर सकते हैं। ये घरेलू नुस्खे आपको महंगे ट्रीटमेंट से भी बचाएंगे।

**नींबू और चीनी का स्क्रब लगाएं :** नींबू का रस प्राकृतिक रूप से त्वचा का रंग हल्का करने में मदद कर सकता है। चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में सहायक होती है। इन दोनों को मिलाकर एक स्क्रब बना लें और इसे अपने हाथों पर लगा लें। इसे 10-15 मिनट तक छोड़कर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। नियमित उपयोग से आपके हाथ धीरे-धीरे हल्के होते जाएंगे और कालापन पूरी तरह से दूर हो जाएगा।



### एलोवेरा जेल का करें उपयोग

एलोवेरा जेल में ऐसे गुण होते हैं, जो त्वचा को ठंडक प्रदान करते हैं और उसे मुलायम बनाते हैं। यह त्वचा की नमी भी बढ़ाता है, जिससे हाथ नरम रहते हैं। एलोवेरा जेल को अपने हाथों पर रोजाना लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इसे रातभर छोड़ दें और सुबह उठकर धो लें। नियमित उपयोग से आपके हाथ मुलायम और चमकदार दिखेंगे। इसके अलावा यह त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाता है।

**दूध और हल्दी का मिश्रण लगाएं :** दूध में ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा की रंगत को हल्का करने में मदद करते हैं। जबकि हल्दी में ऐसे गुण होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं। दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और इसे उसे अपने हाथों पर लगा लें। 20 मिनट तक सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

## धूप और गर्मी के कारण बाल हो रहे हैं डैमेज, तो इन घरेलू चीजों से करें प्रोटेक्ट

भीषण धूप का प्रभाव न सिर्फ सेहत बल्कि बालों और त्वचा पर भी पड़ने लगा है। जहां एक ओर धूप और गर्मी की वजह से लोग डिहाइड्रेट हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ लोगों की त्वचा और बाल काफी ज्यादा डैमेज होने लगे हैं। चेहरे को धूप से बचाने के लिए तो लोग सनस्क्रीन लगा लेते हैं, लेकिन बालों का क्या ?

**एलोवेरा जेल :** हर घर में एलोवेरा का पौधा तो लगा ही होता है। ऐसे में आप जब भी बाल धोने का प्लान करें कि तो पहले अपने बालों में एलोवेरा जेल लगा लें। इसको लगाने से आपके बालों को पोषण मिलेगा। इसे लगाने के लिए हाथों में एलोवेरा जेल लें और फिर उसे बालों के सिरे से लेकर छोर तक पर लगाएं। आधे घंटे के बाद अपने



बालों को धो लें और फिर इसका असर देखें।

**नारियल का तेल :** गर्मी के मौसम में तेज धूप की वजह से बालों की नमी खोने लगती है। ऐसे में आप नारियल के तेल का इस्तेमाल बालों में करके बालों को पोषण दे सकते हैं। इसके लिए बाल धोने से एख घंटे पहले गुनगुने नारियल के तेल से बालों की मालिश करें। तीन से चार बार बालों की मालिश करके आप इसका असर देख सकते हैं।

**अंडाः** अंडा बालों को न सिर्फ पोषण देने का काम करता है, बल्कि साथ ही इसके इस्तेमाल से आपके बालों में शाइन भी आएगी। इस मास्क को बनाने के लिए एक अंडा और 1 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल मिलाकर बालों में लगाएं। एक घंटे इस मास्क को ऐसे ही लगाने के बाद अपने बालों को धो लें।

**दही और शहद का हेयर मास्क :** दही और शहद दोनों ही ऐसी चीजें हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बालों की चमक बरकरार रहेगी। इसके इस्तेमाल के लिए दो चम्मच दही लेकर उसमें शहद मिक्स करें। अब इस मास्क को बालों के छोर से लेकर जड़ों तक में लगाएं। \

कार्नर न्यूज

ऐसी जड़ी-बूटी है, जो न केवल खाने में स्वाद बढ़ाती है, बल्कि सौंदर्य के लिए भी बहुत फायदेमंद

## रोजमेरी का इस तरह से करें इस्तेमाल, सौंदर्य संबंधी कई समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

रोजमेरी एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो न केवल खाने में स्वाद बढ़ाती है, बल्कि सौंदर्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके गुण त्वचा और बालों की देखभाल करने में मदद करते हैं। यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है, जो त्वचा को पोषण देती है और बालों को मजबूत बनाती है। आइए जानते हैं कि कैसे रोजमेरी का इस्तेमाल करके आप अपनी सुंदरता को और बढ़ा सकते हैं।



### त्वचा की रंगत सुधारने में है सहायक

रोजमेरी तेल त्वचा की रंगत सुधारने में सहायक होता है। इसे गुलाब जल या नारियल तेल में मिलाकर लगाने से आपकी त्वचा की रंगत एकसमान हो सकती है। यह तेल त्वचा की गहराई तक जाता है और उसे पोषण देता है, जिससे रंगत निखरती है। रोजाना इस मिश्रण का उपयोग करने से आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है, जिससे आप हर समय तरोताजा महसूस करते हैं।

### बालों की जड़ों को मजबूत करने में है कारगर

रोजमेरी तेल बालों की जड़ों को मजबूत करने में मदद करता है। इसे अपने सिर पर हल्के हाथों से मालिश करें। इससे खून का दौरा बढ़ता है और बालों की जड़ें मजबूत होती हैं। इसके अलावा यह तेल बालों की लंबाई को भी बढ़ाता है। नियमित रूप से इस तेल का उपयोग करने से आपके बाल स्वस्थ, चमकदार और मजबूत बनते हैं।

### चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

रोजमेरी का तेल चेहरे की चमक बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके लिए आपको बस थोड़ी-सी रोजमेरी तेल को अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करनी है। इससे न केवल आपकी त्वचा को नमी मिलेगी, बल्कि यह तनाव को भी कम करेगा। रोजमेरी तेल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स आपकी त्वचा को ताजगी भरा महसूस कराएंगे और उसे स्वस्थ बनाए रखेंगे।

### डैंड्रफ की समस्या से मिलेगा छुटकारा

अगर आपको डैंड्रफ की समस्या है तो रोजमेरी तेल का उपयोग करें। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से डैंड्रफ कम होता है और सिर स्वस्थ रहता है। यह तेल न केवल डैंड्रफ को कम करता है, बल्कि सिर को भी पोषण देता है। इससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और बालों की लंबाई बढ़ती है।



### आंखों की थकान दूर करने में है मददगार

आंखों की थकान दूर करने के लिए रोजमेरी तेल का उपयोग करें। इसे रुई पर लगाकर अपनी आंखों पर रखें। इससे आंखों की थकान दूर होती है और आराम मिलता है। यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक कंप्यूटर स्क्रीन के सामने काम करते हैं या मोबाइल का अधिक उपयोग करते हैं। इन सभी तरीकों से आप आसानी से रोजमेरी का उपयोग करके अपनी सुंदरता बढ़ा सकते हैं।